# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024



adani | Ports and Logistics

## 400 मिलियन मीट्रिक टन का लक्ष्य पार करने पर हमें गर्व है।

### भारत का एक चौथाई कार्गो हमारे पोर्ट से जाता है।

इस शानदार रिकॉर्ड से APSEZ लिमिटेड, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने में योगदान दे रहा है। यह उपलब्धि पोर्ट और टर्मिनल के साथ इंटीग्रेटेड फर्स्ट-माईल और लास्ट-माईल लॉजिस्टिक सॉल्यूशन से हासिल हुई है।

**नंबर 1**
भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट नेटवर्क

**17**
पूरे भारत में 15 पोर्ट और टर्मिनल, श्रीलंका और इज़राइल में 2

**12**
लॉजिस्टिक पार्क



Figures as per FY 2023-24

DDB Mudra 0154

08- APR- K&C- MAIN- Pg-2 RANBHOOMI_Layout 1 4/9/2024 12:03 AM Page 1









# भाजपा में तानाशाही चल रही है, तीन दशक बाद जीत दर्ज करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र यादव अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। वे मानते हैं कि बिलासपुर तीन दशकों से अच्छे लीडरशिप की कमी से जुझ रहा है, इस चुनाव में कांग्रेस जीतेगी और उनकी आवाज दिल्ली में मजबूती से रखूंगा। अब कांग्रेस इस बार नहीं हारेगी। कैसे? वे कहते हैं कि बिलासपुर में भाजपा बिखरी हुई है। जिसे तरीके से भाजपा के बड़े नेताओं को एक-एक कर खत्म कर घर बिठाने का काम किया जा रहा है। भाजपा में तानाशाही चल रही है। उसका नुकसान भाजपा को छत्तीसगढ़ में उठाना पड़ेगा। देवेंद्र यादव से हरिभूमि-आईएनएच के प्रबंध संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने चुनावी संवाद में चर्चा की।*

## चुनावी संवाद में बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव से चर्चा

**सवाल -पार्टी में आपकी क्या सेटिंग है कि महापौर, विधायक और अब सांसद की टिकट भी ले आए।**

**जवाब-** परिस्थिति और परिश्रम से सब होता है। जिस उम्र में मुझे महापौर की टिकट मिली और जीत दर्ज की। उसके बाद विधायक की टिकट मिली वह भी एक वरिष्ठ नेता से चुनाव लड़कर जीता। यह सब परिस्थिति और परिश्रम के कारण ही संभव हुआ। जो उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है इसके पीछे परिस्थितियां ही हैं।



**सवाल-दुर्ग लोकसभा से भूपेश बघेल ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया तब वहां से लड़ने के बजाय बिलासपुर क्यों चले गए।**

**जवाब-** पार्टी ने यह तय किया कि बिलासपुर से यादव समाज के किसी उम्मीदवार को चुनाव में उतारा जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने चर्चा की। मुझसे से भी पूछा गया तो मैंने कहा, पार्टी मौका देगी तो मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि 34 की उम्र में मुझे यह मौका मिल रहा है।

**सवाल- यहां से प्रत्याशी बनने से ही खुश हैं या चुनाव जीतने के प्रयास भी हो रहे हैं। विधानसभा चुनाव हारे अब लोकसभा में कैसे जीत की उम्मीद है।**

**जवाब-** यह लोकसभा का चुनाव अलग तरह का है। बीजेपी पूरे देश में बहुमत नहीं ला पाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं में अहंकार हो गया है। बिलासपुर की बात करें तो यहां पर कांग्रेस चुनाव जीत रही है। छत्तीसगढ़ में भी कई सीटों पर कांग्रेस जीत रही है। केंद्र की भाजपा सरकार को 10 साल हो गए। इन वर्षों में पार्टी ने महंगाई, बेरोजगारी और आम लोगों की समस्याओं को कम करने का प्रयास नहीं किया। देश में धार्मिक वातावरण बना दिया गया है, लेकिन इनके वर्करों का मौरल डाउन हो रहा है। एक नरेटिव गुब्बारा फुला दिया गया है, लेकिन इनके सारे प्रापेगेंडा फेल हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस का इसका फायदा मिलेगा।

**सवाल-आप कह रहे हैं बीजेपी वर्करों का मॉरल डाउन हो गया। यहां कांग्रेस रोज पार्टी छोड़ कर भाजपा में जा रहे हैं। यह बताएं कि यह क्यों हो रहा है।**

**जवाब-** कुछ लोग जीवन में आसान राह देखते हैं, कुठ कठिन राह पर तय करते हैं। कांग्रेस की परिस्थितियों में जो डटा रहेगा वहीं चल पाएगा। हम लोग युवा लोग हैं पूरी ऊर्जा के साथ जूटे हैं। कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है यहां पर अपनी बातों को पार्टी के अंदर और उचित फोरम में रखते हैं। पार्टी छोड़कर जो रहे हैं सबकी अपनी-अपनी राय है। भाजपा का जो अच्छा पल था वह 2019 में हो चुका है। अब उनकों नीचे ही आना है। अब पार्टी उपर नहीं जाएगी।

**सवाल- आप कांग्रेस को लोकतांत्रिक पार्टी बताते हैं और आपके नेता प्रतिपक्ष प्रधानमंत्री का सर लाठी से फोड़ने की बात करते हैं।**

**सवाल-** भाजपा का सिस्टम ऐसा है कि एक बात को ये इतना नरेटिव प्रचारित करते हैं कि जवाब दे जाते हैं। यह मुद्दा जवाब देने लायक नहीं था। फिर भी हमारे नेताओं ने इसका जवाब दिया। भाजपा तिल का ताड़ बनाने में माहिर हैं।

**सवाल- दुर्ग से आपको टिकट नहीं मिला इसका कोई मलाल है क्या। सरकार रहने के बाद भी कांग्रेस ने दो सीटें जीती अब कैसे जीत पाएंगे जब चारों खाने चित्त है।**

**जवाब-** 2023 के चुनाव में कई चीजों को मिस किया जिन्हें नहीं देख पाए। भाजपा सरकार को 10 साल हो गए। देश की जनता सभी चीजों को करीब से देखती है। उनको इसका बेस्ट दे चुकी है। बिलासपुर की जनता ने जो सांसद दिया वो संसद में अपनी बात नहीं उठा पाता। बिलासपुर क्रांतिकारियों का शहर है। यहां के लोगों को अच्छी लीडरशिप चाहिए।

**सवाल-बिलासपुर में टिकट मिलने के बाद कांग्रेसियों ने विरोध किया। अब वे उनसे से लड़ रहे हैं या भाजपा से बताएं।**

**जवाब-** बिलासपुर से टिकट मिलने के बाद यहां पर हमारी पार्टी के लोगों के साथ मिलकर अब हम भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। बिलासपुर की कांग्रेस नेत्री वाणी राव पहले भी कई पार्टी में रहीं। लोग अपनी रूचि के अनुसार समय के साथ बदलते हैं। पार्टी संगठन समय के अनुसार निर्णय लेते हैं। पार्टी में काम करने का एक प्रोसेस होना चाहिए।

**सवाल- तीन दशक से हार रही है ऐसा क्यों? इस बार नहीं हारेगी कैसे?**

**जवाब-** अब कांग्रेस इस बार नहीं हारेगी। वहां की राजनीतिक परिस्थितियों में वहां पर बदलाव की स्थिति बनने लगी है। वहां पर युवाओं से अच्छा सपोर्ट मिल रहा है। यहां पर चुनाव में जीत के पर बिल्कुल डाउट नहीं है। चुनाव प्रबंधन और अन्य मामलों में काम किया जा रहा है। बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव हम जीत ही रहे हैं। बिलासपुर में भाजपा बिखरी हुई है। भाजपा में नया समीकरण प्रयोग किया जा रहा है। जिसे तरीके से भाजपा के बड़े नेताओं को एक-एक कर खत्म कर घर बिठाने का काम किया जा रहा है। भाजपा में तानाशाही चल रही है। उसका नुकसान भाजपा को छत्तीसगढ़ में उठाना पडेंगा। यह बात मैं समझ कर कह रहा हूं।

**सवाल- बिलासपुर में आपको चुनाव लड़ने का मौका मिला यहां पर राजनीति कैसे करते हैं।**

**जवाब-** मेरी पॉलिटिक्स बिलासपुर से ही शुरू हुई। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव यहां से ही जीतकर आया। मैं तो छात्र राजनीति से आगे आया। मेरा मानना है कि ईश्वर लोगों को मौका देता है। मुझे बिलासपुर जैसी जगह से चुनाव लड़ने का मौका मिला है। यहां पर अटल श्रीवास्तव और शैलेश पाण्डेय जैसे बड़े भाईयों के सहयोग से यहां पर चुनाव लड़ रहा हूं।

**सवाल-संगठित कांग्रेस पार्टी प्रदेश में विधानसभा चुनाव क्यों हारी?**

**जवाब-** विधानसभा चुनाव की परिस्थितयां बहुत अलग थी। हम सरकार में थे, एंटी इन्कमेंबेंशी या रणनीति और हर सेंगमेंट में अलग-अलग परिस्थिति थी। एक सेंगमेंट से व्यक्ति न जीतता है न हारता है। भाजपा ने अपने नेताओं, मीडिया और जनता को भी जकड़ पर रखा है। वह अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को जकड़कर रख है। उनके मन के गुस्से को कैसे खत्म करेगी। यह गुस्सा ही वोट में ही दिखेगा। जिस तरीके से भाजपा में पूरे छत्तीसगढ़ में पुराने नेताओं को लाइन में खड़े कर छोड़ दिया गया। उनका रिएक्शन तो कहीं न कहीं दिखेगा ना।

**सवाल- पुराना मामला इस चुनाव में मदद करेगा या नुकसान पहुंचाएगा।**

**जवाब-** भाजपा के लिए मै तो खतरनाक हूं। जनता यहां पर मुझे पूरा सहयोग दे रही है। उनको पता है कि भाजपा का यहां का ग्राउंड खत्म हो जाएगा।

## आमने/सामने

### बैज भाजपा मंडल अध्यक्ष से करें सवाल-नवीन



*भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर निशाना साधते हुए कहा, बैज को अगर सवाल करना है, तो वे भाजपा मंडल अध्यक्ष से सवाल करें, जिन्होंने उन्हें हराया। बैज बताएं कि वह उन कवासी लखमा को जिताना चाहते हैं कि नहीं, जिनके झीरम कांड के मद्देनजर नार्को टेस्ट तक की मांग कांग्रेस खेमे से ही उठती रही है।*

### प्रधानमंत्री ने नहीं दिया सवालों का जवाब-बैज



*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी से बस्तर के आदिवासी जनता ने पूछा था उनका 32 प्रतिशत आरक्षण उन्होंने राजभवन में क्यों रूकवाया? वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों करवाया? भाजपा सरकार बनते ही हसदेव अरण्य में कटाई क्यों शुरू हो गयी? प्रधानमंत्री इन सवालों पर चुप रहे, उन्होंने एक बार फिर से जुमलेबाजी किया। बस्तर की जनता को निराश किया।*


## ममता का चुनावी कैंपेन



*बांकुरा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी सोमवार को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के रायपुर में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं।*

## चौधरी बीरेंद्र सिंह ने बीजेपी छोड़ी पत्नी समेत कांग्रेस में होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



लोकसभा चुनाव 2024 के बीच हरियाणा में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ दी है और वह कांग्रेस में शामिल होंगे। इससे करीब एक महीने पहले उनके बेटे बृजेन्द्र सिंह बीजेपी छोड़कर विपक्षी दल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। बीरेंद्र सिंह की पत्नी और हरियाणा से बीजेपी की पूर्व विधायक प्रेम लता ने भी बीजेपी छोड़ दी है। प्रेम लता 2014-2019 तक विधायक रही थीं। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मैंने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अपना त्याग पत्र पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को भेज दिया है। मेरी पत्नी प्रेम लता ने भी पार्टी छोड़ दी है। कल (मंगलवार को) हम कांग्रेस में शामिल होंगे।

### कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए थे

बीरेंद्र सिंह कांग्रेस के साथ चार दशक से अधिक समय पुराने रिश्ते को तोड़कर लगभग 10 साल पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। उनके बेटे बृजेन्द्र के 10 मार्च को कांग्रेस में शामिल होने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि बीरेंद्र सिंह भी कांग्रेस में शामिल होंगे।

## चुनावी महासंग्राम

**राजनैतिक दलों के सामने होगी नई चुनौतियां**

# कश्मीर में नए परिसीमन से बदले राजनीतिक समीकरण

*जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव बदले नक्शे और नए सियासी माहौल के बीच होने के कारण अपने आप में अगल की मायने रखता है, जहां दुनियाभर की नजरें लगी होगी। धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों के नए परिसीमन से बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच इस चुनावी महासंग्राम में सभी राजनीतिक दलों के सामने नई चुनौतियां होंगी।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने से पहले छह लोकसभा सीट होती थी, लेकिन जम्मू-कश्मीर से अलग किये गये लद्दाख के बाद पांच लोकसभा सीट रह गई हैं। मसलन जम्मू-कश्मीर के नक्शे और सियासी तस्वीर बदलने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव अपना अलग इतिहास बनाने की राह पर है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद भौगोलिक, सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य में भी बदलाव किया गया है। इन पांच सालों में हालांकि राज्य के मतदाता विधानसभा के चुनाव में मतदान करने का भी इंतजार करते आ रहे हैं। इस बदले परिदृश्य में लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन ने भी भोगौलिक और राजनैतिक नक्शे का बदला है। इस बदले परिदृश्य और माहौल में राज्य में बदले सियासी समीकरणों के बीच सभी राजनैतिक दल और मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव के संग्राम का हिस्सा बनेंगे।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक दृष्टि से हुए नए परिसीमन में इस बार जम्मू और कश्मीर संभाग में दो-दो लोकसभा सीटें बनाई गई हैं, जबकि इन दोनों संभागों से काटकर राजोरी-अनंतनाग को नई लोकसभा सीट बना दिया गया है। इस प्रकार सियासी दलों के सामने इस बदले राजनीतिक समीकरण के बीच नई रणनीति के साथ चुनावी रणनीति की चुनौती होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक जम्मू व कश्मीर के हिस्सों से बनाई गई नई सीट पर सबकी नजरें होंगी।

### नए परिसीमन में क्या बदला



### बदले माहौल में होगा चुनाव

पिछले चुनावों में आतंकवादी और पत्थरबाज हावी थे। अलगाववादी हड़ताल के कैलेंडर जारी करते थे। चुनाव बहिष्कार की कॉल के साथ मतदान करने से रोका जाता था। अब यह स्थितियां बदल गई हैं। पत्थरबाजी बंद हो गई है। अलगाववादियों व आतंकियों पर भी अंकुश है।

### फिलहाल ये हैं सांसद

जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस पर कब्जा किया था, जबकि भाजपा के हिस्से में दो सीटें आई। मसलन बारामूला लोकसभा सीट से मोहम्मद अकबर लोन, श्रीनगर से फारूक अब्दुल्ला, अनंतनाग-राजौर से हसनैन मसूदी सांसद हैं। जबकि उधमपुर से भाजपा के डा. जितेन्द्र सिंह और जम्मू लोकसभा सीट से जुगल किशोर शर्मा ने जीत हासिल की थी।

### क्या है जातीय समीकरण

जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों के लिए इस बार 86.93 लाख मतदाता वोटिंग करेंगे। जम्मू-कश्मीर मुस्लिम बाहुल्य राज्य है, जहां मुस्लिम 68.31 प्रतिशत हैं। इसके अलावा हिंदू 28.44 प्रतिशत, सिख 1.87 प्रतिशत, ईसाई 0.28 प्रतिशत है। इसमें जहां तक जातीय समीकरण का सवाल है, उसमें सबसे ज्यादा सामान्य जाति 75 प्रतिशत है। जबकि अनुसूचित जाति 7.38 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 11.91 प्रतिशत और सबसे कम ओबीसी सात प्रतिशत है।

### एक दशक से नहीं हुए विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2014 के बाद अभी तक विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद लद्दाख को अलग करके केंद्र शासित राज्य घोषित कर दिया गया था, जहां एक मात्र लोकसभा सीट पर 2014 और 2019 में भाजपा जीत हासिल करती आ रही है। पांच लोकसभा सीटों पर प्रमुख रुप से भाजपा, कांग्रेस, जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस, जम्मू-कश्मीर पीडीपी प्रमुख रुप से सियासी मैदान में रहे हैं, लेकिन इस बार कांग्रेस के दिग्गज रहे एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलामनबी आजाद भी चुनाव मैंदान में अपनी नवगठित डेमोक्रटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के साथ चुनाव मैदान में होंगे।

**जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में गठबंधन फाइनल**

# 3-3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी पारा हाई है। एक तरफ बीजेपी 400 प्लस का दावा कर रही है तो दूसरी ओर विपक्षी पार्टियां नरेंद्र मोदी के विजय रथ रोकने के लिए गठबंधन करने में जुटी हैं। इस कड़ी में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की 6 लोकसभा सीटों पर भी इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इसको लेकर सीट शेयरिंग पर भी बातचीत फाइल हो चुकी है और इसकी घोषणा सोमवार को कर दी गई। दिल्ली में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन की घोषणा कर दी। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आज बड़ी खुशी से औपचारिक रूप से कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू कश्मीर लद्दाख मिलकर लड़ेंगे।



### कब किस सीट पर डाले जाएंगे वोट?

*जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों पर पांच चरणों में चुनाव होगा. सूबे में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को मतदान होगा. नतीजे 4 जून को आएंगे।*

**बारामती में की सभा में बोले शरद पवार**

# 'मेरी उंगली पकड़ने' वाले मोदी आज अपना रहे हैं अलग रुख

एजेंसी ▶▶| पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने उनकी उंगली पकड़कर राजनीति में आने संबंधी नरेंद्र मोदी के 2016 के बयान का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि अब प्रधानमंत्री का अलग रुख है।

पवार ने संसदीय चुनावों से पहले महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती लोकसभा क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए व्यक्तिगत हमले करने और अलग विचारधारा वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब मैं केंद्रीय कृषि मंत्री था, तब मैंने गुजरात की बहुत मदद की थी। उस समय मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। मैंने यह नहीं देखा कि वह किस पार्टी से जुड़े थे।



### आज अपना रहे अलग रुख

एनसीपी (एसपी) प्रमुख ने कहा कि मोदी ने कभी कहा था, पवार साहब ने मेरी उंगली पकड़ी थी और मैंने अब तक जो भी (विकास) कार्य किए हैं, उन्होंने ही मुझे सिखाये थे। लेकिन आज वह एक अलग रुख अपना रहे हैं। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्तिगत आलोचना करता है या अलग रुख अपनाता है तो उसे जेल में डाल दिया जाता है।

**भारतीय राजनीति में काफी अहम रहा है उप प्रधानमंत्री का पद**

# पटेल से आडवाणी तक देश में रहे हैं 7 डिप्टी पीएम

*देश में सियासी पारा पूरे उफान पर है। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने वाला है और लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। आयोग द्वारा आचार संहिता जारी हो चुकी है और 7 चरणों में होने वाले मतदान के बाद 4 जून क मतदान होगा और तय हो जाएगा कि आखिर किस राजनीतिक दल का पलड़ा कितना भारी पड़ने वाला है। यह तय हो जाएगा कि आखिर देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, नरेंद्र मोदी फिर से लौटेंगे या फिर इंडिया गठबंधन (इंडिया अलायंस) जीत के बाद किसी नए चेहरे को सामने लाएगा। खैर आज बात प्रधानमंत्री की नहीं बल्कि उप प्रधानमंत्री की करते हैं, क्योंकि यह पद भी भारत के राजनीतिक इतिहास में काफी अहम रहा है।*

**खास बात यह है कि संविधान में डिप्टी पीएम पद की नहीं है कोई व्याख्या**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में आज के वक्त में मुख्यमंत्री के अलावा उनके डिप्टी भी हैं, यूपी से लेकर कर्नाटक और छत्तीसगढ़ से लेकर राजस्थान तक उप मुख्यमंत्री रहे हैं लेकिन क्या आपको पता है कि डिप्टी सीएम की तरह ही डिप्टी पीएम का पद भी काफी चर्चित रहा है लेकिन खास बात यह है कि संविधान में डिप्टी पीएम के पद की कोई व्याख्या ही नहीं है तो चलिए आज आपको इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हैं। डिप्टी सीएम की बात करें तो यह पद कुछ खास अवसरों पर प्रधानमंत्री अपनी ही कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ और विशिष्ट मंत्रियों को देते हैं। आम तौर पर यह पद वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री या फिर गृहमंत्री को दिया जाता है। इस पद की एक सच्चाई यह भी है कि यह गठबंधन सरकारों के दौरान मजबूरी में बनाया जाता रहा है।



### देश के पहले डिप्टी पीएम

देश के सबसे पहले डिप्टी पीएम की बात करें तो यह पद पहली बार देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार में गृहमंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल को मिला था। कई मौकों पर ऐसा होता रहा है कि पीएम की गैरमौजूदगी में उप प्रधानमंत्री सरकार के प्रमुख भी बने हैं और सरकार को लीड ककरने के साथ ही कैबिनेट की सभी बैठकों की भी अध्यक्षता भी करते हैं।

### अब तक रहे डिप्टी पीएम और उनका कार्यकाल

गौरतलब है कि अब तक देश में केवल 7 ही डिप्टी पीएम रहे हैं। इनके नामों की बात करें तो पहला नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल का था। इसके बाद मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, जगजीवन राम, यशवंतराव बलवंतराव चव्हाण, चौधरी देवीलाल और लालकृष्ण आडवाणी रहे थे। लालकृष्ण आडवाणी आखिरी डिप्टी पीएम पद पर रहे हैं। बता दें कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में रहे मोरारजी देसाई और जनता पार्टी के चौधरी चरण सिंह डिप्टी पीएम के अलावा देश के प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। हालांकि चौधरी चरण सिंह बतौर प्रधानमंत्री कभी संसद में कदम नहीं रख पाए थे।

### देश के अब तक के डिप्टी पीएम

- सरदार वल्लभ भाई पटेल, कांग्रेस
- मोरारजी देसाई, कांग्रेस
- चौधरी चरण सिंह, जनता पार्टी
- जगजीवन राम, जनता पार्टी
- यशवंतराव बलवंत चव्हाण, जनता पार्टी
- चौधरी देवीलाल, जनता दल
- लाल कृष्ण आडवाणी, भाजपा

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




### इन बिंदुओं पर जांच जारी

ट्रांसफार्मर यार्ड में किन कारणों से तथा लापरवाही से आग लगी, इसकी जांच करने जो बिंदु तय किए गए हैं, उनमें प्रमुख बिंदु इस प्रकार से हैं- आग लगने के कारण के संबंध में, दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी, एजेंसी के संबंध में, घटना से कंपनी को वित्तीय एवं भौतिक रूप से हुई क्षति के संबंध में, भंडार गृह के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में सुझाव, भविष्य में इस प्रकार की एवं अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं की रोकथाम का सुझाव।

# हरिभूमि की खबर पर मुहर, शार्ट सर्किट से ही सुलगी ट्रांसफार्मर यार्ड की आग



### ऐसे समझें कैसे फैली आग

- यार्ड के अंदर बिजली खंभे के ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट
- शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी नीचे गिरकर सूखी घास में लगी
- सूखी घास में लगी आग देखते ही देखते फैलने लगी
- इसके बाद देखते ही देखते आग पूरे परिसर में फैलने लगी
- घटना के बाद वहां मौके पर उपस्थित तीन से चार बिजली कर्मी और एक पुलिसकर्मी यार्ड के गेट का ताला तोड़ अंदर दाखिल हुए, तब तक आग पर काबू पाने दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच चुकी थीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

गुढ़ियारी स्थित बिजली सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर यार्ड में आग लगने का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। फूटेज में एक बिजली खंभे में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी सूखी घास को अपनी चपेट में लेती है, इसके बाद आग यार्ड तक पहुंच जाती है। इसके बाद आग तेजी से फैलने लगती है और ट्रांसफार्मर यार्ड पूरी तरह से तबाह हो जाता है। यार्ड में आग लगने के बाद छह सदस्यी जांच कमेटी बनाई गई है। जांच ⏭ शेष पेज 6 पर

## सीसीटीवी वीडियो ने किया खुलासा, जांच टीम ने की पड़ताल

### चोरों ने मचाया जमकर उत्पात

ट्रांसफार्मर यार्ड में जिस दिन आगजनी की घटना हुई, उस दिन यार्ड से सटे कृष्णानगर के रहवासियों ने सबसे पहले अपने घर के रसोई गैस सिलेंडर को अपने घरों से बाहर ⏭ शेष पेज 6 पर

### लोगों ने कहा मुआवजा अपर्याप्त

घटना के बाद कलेक्टर ने 40 प्रभावितों को नौ-नौ हजार रुपए मुआवजा राशि वितरण किया। प्रभावितों से हरिभूमि की टीम ने संपर्क किया, तो उन लोगों ने बताया कि उनका जितना नुकसान हुआ है, नौ हजार ⏭ शेष पेज 6 पर



### जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर सूची तैयार की

ट्रांसफार्मर यार्ड में आग लगने की वजह जानने छह सदस्यी जो जांच टीम बनाई गई है, वह टीम सोमवार को घटनास्थल पहुंची और यार्ड में रखे समान की सूची हासिल की। साथ ही घटना दिनांक को वहां उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ की। साथ ही ⏭ शेष पेज 6 पर




### आधार हाउसिंग फाइनेंस को आईपीओ लाने मंजूरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने सोमवार को एक अपडेट के जरिये यह जानकारी दी।

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपराध से संपत्ति अर्जित नहीं की*

# पूर्व आईएएस टुटेजा व बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला**

उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 2,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सोमवार को रद्द करते हुए कहा कि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह उल्लेख करते हुए पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद्द कर दी कि उनपर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत कोई मामला बनता है।



### सुप्रीम कोर्ट ने ये कहा

पीठ ने कहा, चूंकि कोई अपराध नहीं हुआ है इसलिए पीएमएलए की धारा 2 (यू) के तहत परिभाषित अपराध से संपत्ति अर्जित नहीं हो सकती। यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो पीएमएलए के तहत अपराध का मामला नहीं बनता है।

### ईडी ने कहा था- टुटेजा ही सरगना

विशेष पीएमएलए अदालत में दाखिल अभियोजन के आरोपपत्र में ईडी ने कहा था कि पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा छत्तीसगढ़ में अवैध शराब आपूर्ति में संलिप्त गिरोह के सरगना हैं। धन शोधन का यह मामला, दिल्ली की एक अदालत में आयकर विभाग द्वारा दाखिल एक आरोपपत्र से उपजा था।



*कांग्रेस के समय 85 प्रतिशत बिचौलिए खा जाते थे मैंने 10 साल में 34 लाख करोड़ लाभार्थियों के खाते में भेजा*

- देश को लूटने का लाइसेंस खत्म कर दिया इसलिए दे रहे हैं गाली
- बिचौलियों की कमाई बंद होने से उनका गुस्सा सातवें आसमान में
- बड़े आमाबाल की सभा में प्रधानमंत्री ने बलीराम कश्यप को याद किया

# मोदी बोले- गरीब के बेटे को दे रहे सिर फोड़ने की धमकी, मैं डरने वाला नहीं

*चुनावी घमासान के बीच बस्तर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आमसभा में कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जब सत्ता केंद्र में थी तब वे समझते थे हमें लुटने का लाइसेंस मिला है। उनके प्रधानमंत्री ने खुद कहा था कि दिल्ली से 1 रुपये भेजा जाता है लेकिन गरीबों को 15 पैसा मिलता है। 85 पैसा गायब होने का खेल कांग्रेस शासन में चलता था। 2014 में सत्ता में आने के बाद मैंने लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया। दुकान बंद होने से मुझे गाली दे रहे हैं। मेरी रक्षा कोटी-कोटी देशवासी रक्षा कवच बनकर कर रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

श्री मोदी ने भानपुरी क्षेत्र के छोटे आमाबाल गांव में सोमवार को महती जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के शासन में हमने 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजा जिससे 85 पैसे का जो खेल चल रहा था उसके हिसाब से 28 लाख करोड़ रूपये लुटने से बच गया। बिचौलियों की कमाई बंद होने से उनका गुस्सा सातवें आसमान में पहुंच गया।

**युवाओं को धोखा देने वालों के खिलाफ चल रही जांच**

छत्तीसगढ़ में भी भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। युवाओं को धोखा देने वालों के खिलाफ तेजी से जांच चल रही है। लाठी से सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। गरीब का बेटा मोदी सिर झुकाकर नहीं सिर ऊंचा रखकर चलता है। उनकी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। उन्होंने जनता से सवाल किया जिन्होंने गरीबों को लूटा उनको सजा मिलनी चाहिए की नहीं? कोई घर में घुसकर लुटपाट करे तो हर सदस्य उससे भीड़ जाता है। पूरा भारत मेरा परिवार है, देश को लुटपाट से बचाने ⏭ शेष पेज 6 पर






### महेश और भोजराज के लिए मांगा आशीर्वाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंच पर मौजूद प्रत्याशी महेश कश्यप और भोजराज नाग को सांसद बनाकर दिल्ली भेजने की बात कहते जनता से आशीर्वाद मांगा। सभा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने संबोधित किया। संचालन लता उसेंडी और आभार विक्रम उसेंडी ने माना।

### मोदी की गारंटी को पूरा करने काम कर रही सरकार



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर में प्रधानमंत्री की सभा को संबोधित करते हुए कहा, पिछले विधानसभा के चुनाव में मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने विश्वास करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा को जिताया और भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, तीन महीनों की अल्पावधि में मोदी की गारंटी को पूरा करने में उनकी सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार बनने के बाद पहला काम प्रधानमंत्री आवास योजना, जिसे कांग्रेस की सरकार ने रोक रखा था, उसकी स्वीकृति पहली कैबिनेट बैठक में दे दी गई।

### बलीराम कश्यप के साथ गांव-गांव दौरा किए

प्रधानमंत्री ने भाषण की शुरूआत स्थानीय बोली में की, उन्होंने कहा आमचो भाई बहनी और दादा, दीदी सपाए मनके जुहार राम-राम। मां दंतेश्वरी की पावन धरा को मेरा प्रणाम। उन्होंने बलीराम कश्यप का नाम लेकर कहा यहां आकर मुझे बहुत पुराने साथी की याद आ गई। हम दोनों ने संगठन का काम करते हुए गांव-गांव दौरा किया। बलीराम कश्यप की तपस्या का नतीजा है कि हम सब ने आपका विश्वास प्राप्त किया है। आदिवासियों के कल्याण के लिए बलीराम जी हमेशा सोचते थे। 10 साल में देश कहां से कहां पहुंच गया इस प्रगति में आप सभी का साथ मिला इसलिए आभार व्यक्त करने आया हूं। केवल बीजेपी की सरकार ही नहीं बनी बल्कि विकसित भारत की आधारशिला रखी गई।

30वें संन्यास दिवस एवं पतंजलि गुरुकुलम् के नवीन परिसर के लोकार्पण के पावन अवसर पर धार्मिक व्यासपीठ से प्रथम बार

हिंदुसाम्राज्यदिनोत्सव
श्री शिवराज्याभिषेक
के 350 वर्षपूर्ति निमित्त





परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी व पूजनीय आचार्य बालकृष्ण जी के पावन सान्निध्य में



पूज्य स्वामी श्रीगोविन्ददेव गिरिजी के श्रीमुख से
छत्रपति शिवाजी महाराज कथा

दिनांक- 09 अप्रैल (समय- सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक)
10 से 17 अप्रैल 2024 (समय- दोपहर 4:00 से सायं 7:00 बजे तक)

स्थान- योग भवन, पतंजलि योगपीठ (हरिद्वार)

हिन्दू धर्म व सनातन धर्म के शाश्वत, शौर्य व वीरतापूर्ण संस्कारों की प्रतिष्ठा प्रत्येक भारतीय में करने हेतु आस्था चैनल पर परिवार के साथ इस कार्यक्रम को लाइव देखें

सनातन धर्म व भारत माता के लिए पतंजलि की निःस्वार्थ सेवाएं-

- दुनिया के लगभग 200 देशों के 200 करोड़ से अधिक लोगों को योग से जोड़कर ऋषि संस्कृति व भारत माता का गौरव बढ़ाया।
- करोड़ों लोगों को रोगमुक्त कर के उनकी लाखों करोड़ की बचत करवा कर उनके जीवन को सही दिशा देने का कार्य किया।
- योग, आयुर्वेद व स्वदेशी की तीन बड़ी वैश्विक क्रान्तियों के साथ-साथ भारत माता को शिक्षा, चिकित्सा, वैचारिक व आर्थिक गुलामी से बाहर निकालने हेतु अखण्ड, प्रचण्ड पुरुषार्थ कर रहे हैं।
- मॉडर्न एजुकेशन व सनातन धर्म और भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ विश्व का श्रेष्ठतम पतंजलि गुरुकुलम् चल रहा है।
- विश्व का श्रेष्ठतम इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेन्टर पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् बनाया।
- पतंजलि रिसर्च सेन्टर द्वारा 500 से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश करवा कर आयुर्वेद को एविडेंस बेस्ड मेडिसिन के रूप में स्थापित किया।
- पतंजलि द्वारा निष्पादित निःस्वार्थ सेवाओं में अभी तक हजारों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। सनातन भारत विरोधी ताकतों के घोर विरोध के बावजूद पतंजलि का सर्वस्व अर्थ से परमार्थ के लिए समर्पित है।

### एनसीएलटी से गो फर्स्ट एयरलाइन को मिली एक और लाइफलाइन

**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसकर डूब चुकी गो फर्स्ट एयरलाइन को एक और लाइफलाइन दी गई है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को एयरलाइन का मोरेटेरियम 60 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे गो फर्स्ट को कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने का और समय मिल जाएगा। एयरलाइन ने हाल ही में कोर्ट को जानकारी दी थी कि उसने 2 रेजोलुशन प्लान फाइनल कर दिए हैं। ट्रिब्यूनल ने एयरलाइन को आदेश दिया है कि वह रेजोलुशन प्लान को जल्द से जल्द फाइनल कर दे। अब कंपनी के पास निर्णय लेने के लिए 3 जून तक का समय है।

**कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने दे दी थी मंजूरी** - ट्रिब्यूनल ने बताया कि गो फर्स्ट एयरलाइन के स्टेकहोल्डर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। गो फर्स्ट एयरलाइन को रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने के लिए अब तक 330 दिन का समय दिया जा चुका है। रेजोलुशन प्रोफेशनल ने एक्सटेंशन की मांग करने के लिए याचिका दाखिल की थी। इसे कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने 29 मार्च को मंजूरी दी थी।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SAAT-2024

Empowering students for a brighter future

M.TECH PROGRAMMES OFFERED
- M.Tech in Communication System Engineering
- M.Tech in Computer Science & Engineering
- M.Tech in Heat Power & Thermal Engineering
- M.Tech in Power System & Power Electronics
- M.Tech in Structural Engineering

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Accredited by NBA
- Ranked in QS World Rankings 2024

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 15th Best in University Category
- 27th Best in Engineering Category

A monthly stipend will be provided to M.Tech students for a maximum period of two years

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

08- APR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 4/8/2024 10:05 PM Page 1



चिंतन

# मानवता के लिए युद्धविराम विराम पर विचार करना होगा

रह रहकर ऐसी खबरें आ रही है कि इजराइल-हमास में युद्धविराम हो सकता है। ब्रिटेन समेत विश्व बिरादरी के अनेक देश इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर युद्ध रोके जाने का आह्वान किया। ऐसा करना जरूरी भी हो गया है। इजराइल और हमास की जंग में पिस रहे गाजा के 22 लाख लोग देखते-देखते मानव निर्मित अकाल और भुखमरी का शिकार होने के कगार पर हैं। इंसानी समाज के सामूहिक विवेक पर भारी पड़ता यह सवाल हर पल वास्तविकता में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। युद्ध शुरू होने के साथ ही गाजा के हालात की भयावहता को लेकर ऐसी आशंकाएं थीं, मगर दावों और प्रतिदावों के बीच वास्तविक स्थिति का पता करना मुश्किल हो रहा था। पिछले महीने इंटीग्रेटेड फूड सिक्यॉरिटी फेज क्लासिफिकेशन सिस्टम की रिपोर्ट ने इस भयावहता की तस्वीर को साफ कर दिया है। इजराइल ने भी इस रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि गाजा की कुल आबादी का आधा हिस्सा और गाजा शहर में अब भी रह रहे करीब 3 लाख लोगों का पचास फीसदी हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है। अब तक भूख से हुई मौतों का कोई आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन एक साल पहले तक गाजा में दो साल से कम उम्र के 29 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण से ग्रस्त थे अब उनकी संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। हालात ये हैं कि 66 फीसदी परिवार महीने में कम से कम 10 बार चौबीसों घंटे भूखे रहने को मजबूर हैं। युद्ध के चलते न केवल गाजा में राहत सामग्री का पहुंचना मुश्किल हुआ है, बल्कि धमाकों के बीच इनके वितरण में भी परेशानी आ रही है। पिछले महीने ही एक खाद्य वितरण केंद्र पर बम गिरने की खबरें भी आई थी। यही नहीं, आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि इजराइली सेना ने खेती की ज्यादातर जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसके चलते यहां पैदा होने वाले खाद्यान्न पर भी उसका कब्जा हो गया है। युद्ध के पीछे इजराइल के अपने तर्क हैं। उसका कहना है कि जब तक उसके नागरिकों को रिहा नहीं किया जाता युद्ध खत्म नहीं होगा। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि हमास द्वारा बंदी बनाए गए उसके नागरिकों के शव बरामद हो रहे हैं, इसलिए युद्ध को बीच में नहीं रोक सकते। अगर हमास सभी बंदियों को छोड़ देगा तो युद्ध खुद खत्म हो जाएगा। अगर इजराइल सरकार की यह बात मान भी ली जाए कि लड़ाई हमास के खिलाफ है और आम लोगों को नुकसान पहंचाने का उसका कोई इरादा नहीं है तो भी व्यवहार में इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। गाजा की आबादी को भुखमरी जैसे हालात से बचाने का एकमात्र उपाय यही है कि तत्काल युद्धविराम लागू कर बड़े पैमाने पर राहत और खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए। सुरक्षा परिषद भी इस आशय का प्रस्ताव पारित कर चुकी है, लेकिन इस पर अमल के कोई आसार नहीं दिख रहे। सोमवार को यह खबरें आई कि युद्ध विराम हो सकता है। इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है, लेकिन कुछ ही देर बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का बयान सामने आ गया कि इजराइली सेना खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रही है। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। तय है कि इससे हालात और विकट होंगे। पहले ही भूखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का जीवन खतरे में चला जाएगा। इजराइल के अपने तर्क सही हैं, लेकिन मानवता के आधार पर उन लोगों के बारे में भी विचार करना जरूरी है, जो बेवजह युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं।



चुनावी बॉन्ड
आलोक शुक्ला

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी हैं।

# राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता जरूरी

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सारे विपक्षी दल इसे सदी का सबसे बड़ा घोटाला कह रहे हैं,परन्तु राजनीतिक फंडिंग में भ्रष्टाचार केवल चुनावी बॉन्डों तक ही सीमित नहीं है। हमें यह समझना होगा कि कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 में सभी राजनीतिक दलों की आय के लगभग 71 प्रतिशत के स्रोत की जानकारी नहीं है। इसमें चुनावी बॉन्डों से प्राप्त आय, कूपन विक्रय से आय, अन्य स्रोतों से आय, स्वैच्छिक चंदा, मीटिंग एवं मोर्चा आदि के लिए चंदा, आदि मद शामिल हैं। मुख्य बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह धन किसने दिया इस बात की कोई जानकारी नहीं है। विकीपीडिया के एक आलेख में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के बारे में बताया गया है कि वर्ष 2020-21 में भाजपा की 61 प्रतिशत आय, टीएमसी की 97 फीसदी आय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 72 फीसदी आय एवं सीपीएम की 48 प्रतिशत आय के स्रोत की जानकारी नही है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के संबंध में भारत में वैधानिक प्रावधान बहुत लचीले हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29बी के अंतर्गत राजनीतिक दल किसी भी व्यक्ति अथवा कंपनी से चंदा प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वह शासकीय कंपनी न हो। धारा 29सी के अंतर्गत इस प्रकार प्राप्त चंदे की घोषणा करने का प्रावधान है, जिसके अनुसार बीस हजार रुपये से अधिक का चंदा देने वाले व्यक्तियों का विवरण देना अनिवार्य किया गया है और यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राजनीतिक दल यह विवरण चुनाव आयोग को नहीं देता है तो उसे आयकर की छूट का लाभ नहीं मिलेगा। अधिकांश राजनीतिक दल यही कहते रहे हैं कि उन्हें लगभग सभी व्यक्ति बीस हज़ार रुपये से कम चंदा देते हैं, इसलिए न तो उन्हें चंदा देने वालों का विवरण आयोग को देने की आवश्यकता है और न ही वे उनका विवरण अपने पास रखते हैं। वर्ष 2009 से 2014 के मध्य में स्वयं चुनाव आयोग में था। आयोग ने उस समय राजनीतिक दलों से इस बात का प्रमाण मांगना प्रारंभ किया था, कि उन्हें वास्तव में प्रति व्यक्ति 20,000 रुपये से कम राशि मिली है। इसके लिए आयोग ने राजनीतिक दलों से चंदे की रसीदों के काउंटर फॉयल मांगने प्रारंभ किए। नतीजा यह हुआ कि राजनीतिक दलों ने फर्जी काउंटर फॉयल बनाना प्रारंभ कर दिया। अनेक चुनावों में ज़िला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा डाले गए छापों में राजनीतिक दलों के कार्यालयों से ऐसे फर्जी काउंटर फॉयलों के बंडल तक




मिले,क्योंकि इस संबंध में कोई आपराधिक धाराएं कानून में नहीं हैं इसलिए किसी राजनीतिक दल पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। राजनीतिक दल इस प्रकार बीस-बीस हज़ार रुपये का हिसाब रखते हुए काफी परेशान थे, इसलिए वर्ष 2013 में एक इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत इलेक्टोरल ट्रस्ट एक नॉन प्रॉफिट संस्था के रूप में पंजीकृत किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा कंपनी इलेक्टोरल ट्रस्ट को धन दे सकते हैं। इसके बाद इलेक्टोरल ट्रस्ट अपनी मर्जी से इस धन से राजनीतिक दलों को चंदा दे सकता है। इस योजना के द्वारा चंदा देने वाले व्यक्ति और चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल के बीच सीधा संबंध समाप्त कर दिया गया। इससे कुछ हद तक राजनीतिक चंदा देने वालों की गोपनीयता रखने की गुंजाइश हो गई। कानूनी रूप से ट्रस्ट के लिए दानदाता की इच्छा के अनुसार राजनीतिक दलों को चंदा देने का कोई बंधन नहीं है। यदि कोई कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्टोरल ट्रस्ट को पैसा दे रही है, और उस ट्रस्ट का अधिकांश पैसा किसी विशेष राजनीतिक दल को ही जा रहा है जो यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कंपनी किस राजनीतिक दल की फंडिंग कर रही है। इससे निपटने के लिए वर्ष 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना प्रारंभ की गई। इस योजना में चुनावी बॉन्ड दानदाता की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय कर दी गई, इसीलिए चुनावी बॉन्ड योजना ने राजनीतिक चंदे को पूरी तरह अपारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार का रास्ता खोल दिया। पूर्व में केवल वही कंपनी चुनावी चंदा दे सकती थी जो कम से कम 3 साल से अस्तित्व में हो। कंपनी द्वारा दिया गया चंदा पिछले 3 वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 7.5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता था और इस चंदे का खुलासा कंपनी को प्रत्येक वित्त वर्ष में अपने शेयरहोल्डरों को दी जाने वाली रिपोर्ट में करना अनिवार्य था। वर्ष 2018 के संशोधन व्दारा इन तीनों ही शर्तों को हटा दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि यदि कोई कंपनी आज ही बनी हो तो भी वह राजनीतिक चंदा दे सकती है, कंपनी कितना भी चंदा दे सकती है, और कंपनी को अपने शेयरधारकों को इसकी जानकारी देना भी आवश्यक नहीं है। हाल ही में चुनावी बॉन्डों का डेटा सार्वजनिक होने के बाद यह पता लगा है कि कई कंपनियों ने कुल राजस्व से भी अधिक राशि चंदे में दी है।

भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता न होने के प्रमुख कारण हैं निर्वाचन आयोग की एक्सपेंडीचर गाइडलाइन किसी कानून के अंतर्गत नहीं है और इसलिए उसका पालन नहीं करने वालों पर कोई विधिक कार्यवाही नहीं हो पाती, निर्वाचन आयोग को दी जाने वाली जानकारी की आयकर विभाग, न तो ठीक प्रकार से स्क्रूटिनी करता है और न ही उसे बाध्य करने का कोई कानून है, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 केवल अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय को विनियमित करती है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यहां तक कि उन्हें अपने शेयरधारकों तक को बताने की आवश्यकता नहीं है, चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी है। चुनाव आयोग की तथाकथित सख्ती और जब्ती का कोई लाभ तब तक नहीं होगा जब तक चंदे और दान में पारदर्शिता न रखी जाए। दुःख इस बात का है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला चुनाव आयोग भी पारदर्शिता की नहीं, बल्कि गोपनीयता की वकालत करता दिख रहा है। दिनांक 16 मार्च 2024 को लोक सभा चुनावों की घोषणा करते समय अपनी प्रेस कार्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 बार कहा कि इलेक्टोरल बॉन्डों के दानदाताओं की गोपनीयता रखना आवश्यक है। इलेक्टोरल बॉन्डों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों को आसरा दिया है। उम्मीद करनी चाहिए कि संसद द्वारा बनाए गए कानून का इंतज़ार किए बिना सर्वोच्च न्यायालय से ही हमें राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शी व्यवस्था मिल सकेगी।

(लेखक पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार



कोयम्बटूर का भगवान गणेश को समर्पित ईचनारी विनयगर, 1500 ईस्वी पूर्व में बनाया गया था। इस जगह से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान विनायक की मूर्ति को पट्टीश्वर मंदिर ले जाया जा रहा था, तो गाड़ी की एक धुरी टूट गई। उसी स्थान पर मंदिर बनाया गया।

नव सवंत्सर
डॉ सूर्यकांत मिश्रा



# हिंदू नव वर्ष की सार्थकता वैज्ञानिकों ने भी मानी

भारतीय पंचांग के अनुसार हमारा नया साल प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है। इस वर्ष यह शुभ तिथि 9 अप्रैल को हमें विक्रम संवत 2081 में प्रवेश दिलाने जा रही है। हिंदू धर्मावलंबी एवं सनातन धर्म को अंगीकार करने वाला हर व्यक्ति यह जानता है कि हम अपने नए वर्ष के उत्साह में फूहड़ता समझे जाने वाले किसी भी आयोजन से दूर रहते हैं। कितने गौरव की बात है कि हमारा नया वर्ष हमें 'मां भगवती' की नौ दिनों की आराधना से जोड़ते हुए भक्ति और श्रद्धा का अनुपम आनंद प्रदान करता है। हिंदू धर्म को मानने वाले यह जानते हैं कि भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। हमें गर्व है अपने ऋषि-मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है। हमारा इतिहास बताता है कि बीते हजारों वर्षों में अनेक देशी और विदेशी शासकों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा राजनीतिक दृष्टि से देश को पराधीन बनाने की मंशा के साथ अनेक संवतों को चलाया। इतना कुछ होने के बाद भी भारतवर्ष की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रम संवत के साथ ही जुड़ी रही। नव-वर्ष के संदर्भ में महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही दिन, मास, वर्ष और युगादि का प्रारंभ माना है। इतिहास उठाकर देखा जाए तो युगों मे प्रथम सतयुग का शुभारंभ भी इसी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हुआ था। कल्पयादि-सृष्टियादि-युगादि आरंभ को लेकर इस दिवस के साथ प्राचीनता का इतिहास मिलता है। सृष्टि की रचना को लेकर भी ऋषि-मुनियों तथा वैदिक गणित के विद्वानों ने इसी दिवस की गणना की है। गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी इसी दिन को आधार मानते हुए गणना कर पंचांग की रचना की। यही विभिन्न ग्रहों, चंद्रमा एवं सूर्य की गति एवं दिशाओं का उतनी प्रामाणिकता के साथ निर्धारण करता है, जितना कि आधुनिक सैटेलाइट। हिंदू नव-वर्ष में रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। ठंड की समाप्ति और ग्रीष्म का प्रारंभ अत्यंत ही मधुर व आनंददायक आगमन का अनुभव देता है। पतझड़ समाप्त होता है और बसंत ऋतु के आगमन का आगाज होने लगता है। प्रकृति में हर जगह हरियाली छा जाती है। ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे प्रकृति ने नव-श्रृंगार किया हो। यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि बिना पंचांग और कैलेंडर के प्रकृति और आकाश को पढ़कर हिंदू धर्मावलंबी अपने नए-वर्ष को पा लेते हैं। ऐसा दिव्य नव-वर्ष अन्य किसी धर्म में दुर्लभ है। सनातनी नव-वर्ष को लेकर विवेकानंद ने कहा है 'यदि हमें गौरव से जीने का भाव जगाना है, अपने अंतर्मन में राष्ट्र भक्ति के बीज को पल्लवित करना है, तो राष्ट्रीय तिथियों का आश्रय लेना होगा। गुलाम बनाए रखने वाले लोगों की दिनांकों पर आश्रित रहने वाला आत्म गौरव खो बैठता है। हिंदू नव-वर्ष का दिन हमारे मन में यह उद्घोष जगाता है कि हम पृथ्वी माता के पुत्र हैं। सूर्य, चंद्र तथा नवग्रह हमारे आधार हैं। प्राणी मात्र हमारे पारिवारिक सदस्य हैं। यही कारण है कि हमारी संस्कृति का बोध वाक्य 'वसुधैव कुटुंबकम' को सार्थकता प्रदान करता है। विक्रमी संवत के स्मरण मात्र से ही सम्राट विक्रमादित्य और उनके विजय अभियान की याद ताजा हो जाती है। क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हम नव-वर्ष की शुरुआत गो-माता की पूजा से करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन




आज की पाती

### कलह की शिकार हो गई पार्टियां

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें निकट आती जा रही हैं, वैसे-वैसे सभी राजनीतिक गठबंधनों के बीच का अंदरूनी कलह बंद कमरे से बाहर निकल कर सड़को पर आता जा रहा है। महाराष्ट्र में 2019 के मुकाबले एकदम नई तरह की परिस्थितियां सामने आ गई है। महाअघाड़ी में शामिल शिवसेना पार्टी से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद तो प्राप्त कर लिया है, मगर उसके बाद अजीत पवार गुट के सत्ता में शामिल होने से उनकी अहमियत घटती जा रही है। क्योंकि बीजेपी की पूरे महाराष्ट्र पर अच्छी पकड़ है, इसलिए वह अपनी शर्तों पर सहयोगी दलों को सीटें आवंटित कर रही है, जिसे लेकर एनडीए में शामिल अन्य दल कसमसा रहे हैं।

- **महेंद्र विश्वकर्मा**, बलौदाबाजार

ट्रेंड

### मोदी की गारंटी का परिणाम



छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस बार भी बस्तर समेत पूरे प्रदेश के मेरे परिवारजन एक सशक्त सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। मोदी की गारंटी का परिणाम है कि पहले जो भारत को आंखें दिखाते थे, आज वो आटे के लिए भटक रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीजें उपयोग के लिए



लोगों का उपयोग करना और चीजों से प्यार करना-यह जीवन की पूरी तरह से गलतफहमी है। चीजें उपयोग के लिए हैं। लोग प्यार के लिए हैं। स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि संपूर्णता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### राजनीति में नहीं जा रहा



मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं तो मैं इसकी घोषणा करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

-संजय दत्त, अभिनेता

### ऐसे बनें आदर्श व्यक्ति



मैंने अपने गुरु से पूछा 'मुझे एक आदर्श व्यक्ति बनने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए?' उन्होंने उत्तर दिया, 'एक उद्यमी का दिमाग, एक एथलीट का शरीर और एक कलाकार की आत्मा रखने का प्रयास करें।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

## मोदी समर्थकों ने अमेरिका के 16 शहरों में निकाली रैली

अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी



लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, 'भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।

ऑफ बीट

## क्या मेरा चश्मा मेरी नजर खराब कर रहा है?

कुछ लोग चश्मे पर बढ़ती निर्भरता को महसूस करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि क्या उनकी आंखें 'आलसी' हो गई हैं। हमारी आंखें ऑटो-फोकस कैमरे



की तरह ही काम करती हैं। प्रत्येक आंख के अंदर एक लचीला लेंस मांसपेशियों द्वारा नियंत्रित होता है जो लेंस को समतल करने के लिए मांसपेशियों को आराम देकर हमें दूर की वस्तुओं (जैसे फुटी स्कोरबोर्ड) पर ध्यान केंद्रित करने देता है। जब मांसपेशियाँ सिकुड़ती हैं तो यह लेंस को उन चीजों को देखने के लिए अधिक कठोर और शक्तिशाली बनाता है जो हमारे बहुत करीब हैं (जैसे कि एक टैक्स्ट मैसेज)। लगभग 40 वर्ष की आयु से, हमारी आंख का लेंस धीरे-धीरे सख्त हो जाता है और आकार बदलने की क्षमता खो देता है। धीरे-धीरे, हम निकट की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता खो देते हैं। इसे 'प्रेसबायोपिया' कहा जाता है और फिलहाल इस लेंस को ठीक करने का कोई तरीका नहीं है। चश्मा बनाने वाले इस लेंस की कमी को चश्मे से ठीक करते हैं जो आपके प्राकृतिक लेंस का भार लेते हैं। लेंस आपको अतिरिक्त अपवर्तक शक्ति प्रदान करके उन नज़दीकी छवियों को स्पष्ट रूप से देखने में मदद देते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, वर्ष : 24, अंक : 16, पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### 11.57 से प्रारंभ होगा अभिजीत मुहूर्त

कलश स्थापना का मुहूर्त सुबह 6:11 मिनट से 10:23 तक है। इसके बाद चैत्र नवरात्र के पहले दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 57 मिनट से लेकर 12 बजकर 48 मिनट तक है। घटस्थापना के लिए यह शुभ मुहूर्त है। अगर किसी कारणवश ब्रह्म बेला में कलश स्थापना नहीं कर पाते हैं, तो अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना कर सकते हैं।



चैत्र नवरात्रि के साथ आज से प्रारंभ हो जाएगा हिंदू नववर्ष

# नवरात्रि में पांच दिन खरमास, 30 साल बाद नक्षत्रों और ग्रहों का सुखद संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगभग 30 साल बाद इस वर्ष चैत्र नवरात्रि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 9 अप्रैल को रेवती और अश्विनी नक्षत्र के साथ ही गजकेसरी योग, अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश योग, लक्ष्मी नारायण के शुभ संयोग में शुरू होगी। इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है, जिससे साधकों को खुशियां मिलेगी। नवरात्रि के नौ दिनों में 3 सर्वार्थसिद्धि, 1 अमृतसिद्धि और 1 रवियोग भी आएगा। इन विशेष ग्रह योगों के संयोग से ▶▶ शेष पेज 6 पर

खास खबर

## सोमवार को रात्रि 11 बजकर 50 मिनट पर प्रारंभ हो गई प्रतिपदा तिथि

### नवरात्रि प्रभावरहित

नवरात्रि के साथ खरमास भी चल रहा है। नवरात्रि में सभी शुभ काम किए जा सकते हैं, लेकिन शुरुआत के पांच दिनों में यानि 13 अप्रैल तक खरमास हैं। खरमास में किसी भी तरह का शुभ कार्य करना अथवा नई शुरुआत प्रतिबंधित है, लेकिन नवरात्रि होने के कारण खरमास का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। दंतेश्वरी मंदिर के पं.यशवंत सिंह के अनुसार, खरमास का कोई प्रभाव नवरात्रि पर नहीं होगा। सभी तरह के शुभकार्य और नवीन खरीदी इस दौरान किए जा सकेंगे।



### इसी दिन फैली थी सूर्य की पहली किरण

चैत्र नवरात्रि के साथ ही आज से हिंदू नववर्ष प्रारंभ हो जाएगा। चैत्र शुल्क प्रतिपदा विक्रम संवत हिंदू पंचांग का पहला दिन है। इसी दिन से कालगणना प्रारंभ हुई थी। इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसी दिन सूर्य की पहली किरण पृथ्वी पर फैली थी। 9 ग्रह, 27 नक्षत्र और 12 राशियों का उदय भी इसी दिन हुआ था।

## ज्योति कलशों से जगमग होंगे देवी मंदिर

### रतनपुर में जलेंगे 21 हजार ज्योत



**बिलासपुर।** मंगलवार से शुरु हो रही नवरात्रि के लिए देवी मंदिरों की तैयारी पूरी हो चुकी है। मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा की मां दंतेश्वरी समेत रतनपुर-रायपुर के महामाया मंदिर के साथ सभी देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी। रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर में इस नवरात्र पर 21 हजार मनोकामना ज्योति कलश जलाए जाएंगे। घट स्थापना समय सुबह 6 बजकर 2 मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक एवं 11 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक है।

### सर्वमंगला में 5 एनआरआई ने जलवाए ज्योत

कोरबा। चैत्र नवरात्र पर जिले के मुख्य मां सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वाधिक 62 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसमें से 5 ज्योति कलश एनआरआई लोगों द्वारा भी प्रज्जवलित कराया गया है। इसके अलावा जिले के अन्य प्रमुख देवी मंदिर मड़वारानी, चैतुरगढ़, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चंद्रपुर में छह हजार से अधिक ज्योत

जांजगीर-चांपा। चैत्र नवरात्रि को लेकर अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले के देवी मंदिरों में तैयारी पूर्ण हो गई है। यहां के प्रसिद्ध चंद्रहासिनी मंदिर में 6 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे। इसी प्रकार मनकादाई मंदिर खोखरा में साढ़े चार हजार से अधिक ज्योति कलश ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बीआरएस नेता कविता को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले में



भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत देने का उचित समय नहीं है। कविता ने अदालत से अंतरिम जमानत दिए जाने का आग्रह करते हुए कहा था कि उनके 16 वर्षीय बेटे की परीक्षाएं हैं और उसे अपनी मां के ''नैतिक और भावनात्मक समर्थन'' की जरूरत है। बता दें कि ईडी ने इस दलील का विरोध करते हुए दावा किया कि कविता ने मामले में सबूत नष्ट किए और गवाहों को प्रभावित किया।

### 30.92 करोड़ के नकली नोट सहित पांच गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा ने



30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त कर इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि नकली नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था।

### हाफिज सईद को 'अज्ञात' ने खिलाया जहर!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी हाफिज सईद को जहर



दिए जाने की बात सामने आ रही है। उसे अज्ञात लोगों ने खाने में जहर दे दिया। खाने के कुछ देर बाद उसे खून की उल्टी हुई। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। हालांकि अभी तक इस खबर की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### पत्नी के खिलाफ झूठे आरोप पति को 80 कोड़े की सजा

**कराची।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सिंध प्रांत में एक व्यक्ति को अपनी बच्ची के पितृत्व को अस्वीकार करने और अपनी पूर्व



पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने के लिए 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहनाज बोह्यो ने फरीद कादिर को अपनी बच्ची के पितृत्व को अस्वीकार करने तथा पूर्व पत्नी के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के अपराध का दोषी ठहराया।

## घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणियों के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

# मोदी को रोकने विरोधियों के हमले, खड़गे बोले मोदी के राजनीतिक पूर्वज मुस्लिम लीग समर्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर सोशल मीडिया पोस्ट की। पोस्ट में लिखा कि मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए 'कांग्रेस न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आवाहन व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया।

*लोकसभा चुनाव में सभी पार्टियां जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं। भाजपा नीत सरकार तीसरी बार न बने इसके लिए विरोधी दलों द्वारा भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा जा रहा है। कांग्रेसअध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि मोदी और शाह के राजनीतिक और वैचारिक पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई में हिंदुस्तानियों के खिलाफ ब्रिटिशों और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था। वहीं ममता बनर्जी बोलीं कि 4 जून के बाद भाजपा विरोधी सभी नेता जेल में होंगे।*

### कांग्रेस पीएम के खिलाफ पहुंची चुनाव आयोग

कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप वाले बयान पर कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ सोमवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि पीएम मोदी ने 6 अप्रैल को सहारनपुर में रैली में कहा था कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है। इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है।



### पीएम के भाषणों से दुख होता है : खुर्शीद

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा, प्रधानमंत्री अपने भाषणों में जो कहते हैं, उससे हमें बहुत दुख होता है। उन्होंने हमारे घोषणापत्र के बारे में जो कहा है वह झूठ का पुलिंदा है। हमें इससे बहुत दुख हुआ है।

### चार जून के बाद सभी विपक्षी नेता होंगे जेल में : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि पीएम मोदी के चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के वादे का अभिप्राय है कि विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। बांकुड़ा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर गई थी और वहां जो हुआ उसकी जिम्मेदार एनआईए टीम है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र पर टिप्पणियां

ज्ञात हो कि कांग्रेस ने 5 अप्रैल को 5 न्याय और 25 गारंटी के साथ अपना न्याय पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया था। इसमें अल्पसंख्यकों के लिए कई बड़े वादे किए गए थे। भाजपा इसे आजादी के बाद मुस्लिम लीग के घोषणा पत्र जैसा बता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा इस पर लगातार बयान दे रहे हैं।

# राजनाथ और राहुल की 13 को बस्तर में आमसभा

## पहले चरण के चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में महज एक सीट बस्तर में ही चुनाव होना है, लेकिन इस एक ही सीट के लिए भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बस्तर लोकसभा के लिए सोमवार को छोटे आमाबाल में सभा हो चुकी है, वहीं अब केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की 13 अप्रैल को एक आमसभा बस्तर के दंतेवाड़ा में होगी। राजनाथ सिंह की एक और आमसभा इसी दिन खैरागढ़ में भी होगी। इसी दिन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आम सभा जगदलपुर में होगी। लोकसभा के चुनाव छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर में मतदान होगा। बस्तर को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों गंभीर हैं। यहां पर भाजपा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की हर विधानसभा में सभाएं कराने की रणनीति बनाई है। कई विधानसभाओं में सभाएं हो भी गई हैं। इसी के साथ आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम सभा कोंडागांव के भानपुरी के छोटे आमाबाल में हुई है। बस्तर में जहां प्रदेश के भाजपा नेताओं की सभाएं हो रही है।

### केंद्रीय मंत्री राजनाथ की दो सभाएं

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की 13 अप्रैल को दो सभाएं होंगी। एक सभा बस्तर लोकसभा के लिए दंतेवाड़ा में



होगी। इसी के साथ दूसरी सभा राजनांदगांव लोकसभा के लिए खैरागढ़ में होगी। भाजपा का राजनांदगांव पर भी बड़ा फोकस है, क्योंकि यहां पर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं।

### राहुल की सभा में होगा बड़ा शक्ति प्रदर्शन

कांग्रेस ने राहुल गांधी की सभा में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी की है। जगदलपुर के लाल



बहादुर शास्त्री स्टेडियम में होने वाली सभा में कांग्रेस ने एक तरफ जहां भारी भीड़ जुटाने की तैयारी की है, वहीं सभा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ कुछ और राष्ट्रीय नेताओं को भी बुलाने की तैयारी है।

# चिल्फी में ओले गिरे राजधानी भी भीगी



**रायपुर।** राज्य में दूसरे दिन भी मौसम बदला रहा। रायपुर समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक-रुककर बारिश होती रही। चिल्फी घाटी में शाम होने के बाद ओले भी गिरे। यहां उत्तर-पश्चिम की गर्म हवाओं का प्रवेश बंद हो गया है जिसकी वजह से तेज गर्मी से लोग परेशान नहीं होंगे। प्रदेश में गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरु किया था इसी बीच हवा की दिशा में बदलाव होने से मौसम में बदलाव हुआ और तापमान नीचे लुढ़क गया। सोमवार को दिनभर रायपुर समेत राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा होती रही जिससे वातावरण पूरी तरह ठंडा रहा।

- राज्य में गर्म हवा का प्रवेश बंद तेज गर्मी से रहेगी राहत

### पहला पखवाड़ा राहत भरा

अनुमान है कि अप्रैल के पहले पखवाड़े के शेष दिन कम गर्मी से साथ बीतेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में मानपुर में 3 सेमी., कुरुद, धमतरी, मगरलोड में 2 तथा माना समेत कई इलाकों में एक सेमी. तक बारिश हुई है।

### अखिल भारत हिंदू महासभा ने दिया टिकट

## मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी किन्नर महामंडलेश्वर हेमांगी

**वाराणसी।** देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर हेमांगी सखी वाराणसी लोकसभा सीट से मैदान में उतरेंगी। अखिल भारत हिंदू महासभा ने हेमांगी सखी को बनारस



से टिकट दिया है। वह 12 अप्रैल को बनारस पहुंचेंगी और बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगी। महामंडलेश्वर हेमांगी सखी ने कहा कि पूरे देश में किन्नर समाज की स्थिति दयनीय है। किन्नर समाज के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं की गई है। किन्नर समाज अपनी बात लोकसभा और विधानसभा में कैसे रखेगा?

# रायपुर के 653 कैदी भी रखेंगे उपवास

मनोज नायक ▶▶| रायपुर

चैत नवरात्रि पर छत्तीसगढ़ आज से शक्ति की भक्ति में डूब गया है। सिर्फ प्रदेशवासी ही नही बल्कि प्रदेश की सभी जेल में भी नवरात्रि की छटा बिखर रही है। रायपुर केंद्रीय जेल में बंद 653 बंदी भी नवरात्रि पर नौ दिन का उपवास रखकर माता की आराधना प्रारंभ करेंगे। पुरुष जेल से 583 और महिला जेल की 70 बंदिनी उपवास रखेंगी। इसके अलावा जेल में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना और जंवारा भी स्थापित किए जाएंगे। रायपुर केंद्रीय जेल में जेल मैन्युअल और शासन के आदेश के मुताबिक इस वर्ष भी उपवास रखने बंदियों



को नवरात्रि पर्व पर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पिछले एक सप्ताह से बंदी ज्योति कलश और जंवारा स्थापना करने वाले स्थान की साफ सफाई और पुताई में जुटे रहे। मंगलवार को ज्योति कलश की स्थापना और उपवास के साथ बंदी माता की आराधना प्रारंभ करेंगे।

### उपवास रखने वाले बंदियों को दूध फल

जेल में उपवास रखने वाले बंदियों को जेल मैन्युअल के हिसाब से प्रति बंदी खर्च की सीमा तक की सुविधाएं नवरात्रि पर मिलेंगी। उपवास रखने वाले बंदियों को प्रति दिन 1 लीटर दूध, 8 केला,200 ग्राम फल्ली दाना और डेढ़ सौ ग्राम गुड़ दिया जाएगा।

### धर्म की ओर प्रेरित हो रहे तो शासन उनके साथ

सभी जेल में उपवास रखने वाले बंदियों को नवरात्रि पर दूध, केला, फल्ली दाना और गुड़ उपलब्ध कराया जाएगा। वे धर्म की ओर प्रेरित हो रहे हैं तो उनका मन शुद्ध होगा। शासन उनके साथ है।

\- **विजय शर्मा,** गृहमंत्री, छग शासन

### कर्नाटक के कोलार जिला में कार्रवाई

## निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, 1 गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद बढ़ाई गई सख्ती के बीच कर्नाटक के कोलार जिले में एक निजी कार से पुलिस को भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ।



विस्फोटक कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर एक चेक पोस्ट के पास पकड़ा गया। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरा संदिग्ध फरार है। पुलिस ने विस्फोटक को जांच के लिए भेजा है और गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में 1 मार्च को हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के धमाके के बाद पुलिस सख्त हो गई है।

### मस्तक पर पड़ेंगी 75 मिमी गोल आकार की किरणें

# रामनवमी पर रामलला का 4 मिनट तक होगा सूर्य तिलक

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

प्रभु श्री रामलला का राम मंदिर बनने के बाद 17 अप्रैल को पहली रामनवमी पड़ रही है। राम नवमी का भक्तों को बेसब्री से इंतजार है। इस बार की रामनवमी अलौकिक होने वाली है क्योंकि इस दिन रामलला का सूर्य तिलक होगा। अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर इस लिहाज से बनाया गया है कि रामनवमी के दिन रामलला का सूर्य तिलक हो सके। रामनवमी के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वैज्ञानिकों ने बनाया अनोखा सिस्टम

इस वैज्ञानिक विधि के लिए रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने मिरर लेंथ और पीतल के प्रयोग से एक अनोखा ऐसा सिस्टम बनाया है जिससे रामलला के मस्तिष्क पर दोपहर 12:00 बजे सूर्य की किरणें पड़ेगी।



### सूर्य की किरणों से अभिषेक के पीछे का क्या है महत्त्व

प्रभु श्री राम को सूर्यवंशी थे. ऐसे में जिस दौरान राम मंदिर का निर्माण हुआ उस दौरान इस बात का प्रस्ताव रखा गया कि वैज्ञानिक विधि से ऐसा प्रबंध कराया जाए जिससे रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें सीधे रामलला की मूर्ति पर ऐसे पड़े जैसे वो उनका अभिषेक कर रही हों।


### खादी के कपड़ों पर सोने-चांदी की छपाई

ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि इन वस्त्रों पर सोने और चांदी की छपाई होगी, जो हाथ से की गई होगी। छपाई में जो चिन्ह उपयोग में लाए गए हैं, वह सभी वैष्णव पद्धति से हैं। ट्रस्ट की ओर से साझा किए गए वीडियो में दिख रहा है कि कारीगर वस्त्रों में सोने और चांदी से छपाई कर रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई

## 5.60 करोड़ नकद, 3 किलो सोना सहित 103 किलो आभूषण जब्त

**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव में व्यापक पैमाने पर नकदी रुपये खर्च होने की संभावना जतायी जा रही है. जिसे रोकने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गनीनाडु बेल्लारी की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच करोड़ साठ लाख नकद, तीन किलो सोना, 103 किलो आभूषण और 21 पीस चांदी की सिल्लियां जब्त की हैं। जानकारी के अनुसार जब्त किए गए सोने और चांदी की कीमत कुल 7 करोड़ 6 लाख रुपये हैं। यह ऑपरेशन बेल्लारी की ब्रूस टाउन पुलिस ने



किया है इसमें मुख्य रूप से हवाला का पैसा शामिल है। बेल्लारी के एसपी रंजीत कुमार बंडारू के मुताबिक, यह पैसा नरेश सोनी का है हमें हवाला लेनदेन का संदेह है। ये पैसे कांबली बाजार में हेमा ज्वैलर्स के मालिक नरेश के घर से मिले और आरोपी नरेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### 98 करोड़ की शराब और 3.53 करोड़ कैश जब्त

वहीं इससे दो दिन पहले कर्नाटक आबकारी विभाग ने मैसुरु ग्रामीण जिले के चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र से 98.52 करोड़ रुपये की शराब जब्त की थी। आयकर विभाग और स्थैतिक निगरानी दल ने 3.53 करोड़ रुपये की नकदी भी जब्त की है। आयोग के मुताबिक सभी जगह नजर रखी जा रही है। बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से 2.20 करोड़, गुलबर्गा लोकसभा क्षेत्र में जांच के दौरान 35 लाख, उडुपी-चिकमंगलुरु निर्वाचन क्षेत्र से 45 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई। कर्नाटक में दो चरणों में 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होना है।

## कोलिन्स ने जीता चार्ल्सटन ओपन का खिताब



**चार्ल्सटन।** डेनियल कोलिन्स ने रविवार को यहां दारिया कसात्किना को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन के बाद चाल्टर्सटन ओपन टेनिस चैंपियनशिप का भी खिताब जीत लिया। कोलिन्स ने दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी कसात्किना को 6-2, 6-1 से हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कोलिन्स 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली खिलाड़ी हैं जिसने मियामी में हार्ड कोर्ट के बाद चार्ल्सटन में क्ले कोर्ट पर भी खिताब जीता हो। कोलिन्स ने यहां खिताबी जीत के दौरान छह मुकाबले में सिर्फ एक सेट गंवाया।

## शेल्टन बने पुरुष क्ले कोर्ट चैंपियन



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने रविवार को यहां गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो को तीन सेट तक चले कड़े फाइनल में हराकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। इक्कीस साल के शेल्टन ने टियाफो को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। शेल्टन ने मैच के दौरान 21 ऐस लगाए और 2002 में एंडी रोडिक के 19 साल की उम्र में यहां खिताब जीतने के बाद वह यह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। शेल्टन को क्ले कोर्ट पर जूझना पड़ा है और यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इस तरह की सतह पर उन्होंने नौ में से सात मुकाबले गंवाए थे और सिर्फ दो जीत दर्ज की थी।

## भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब




**सेन एंटोनियो।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन मैकार्थी ने जोरदार वापसी की जिससे 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर रहा। भाटिया ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
598 चौके
374 छक्के

### अपेक्षाओं से दबाव महसूस नहीं करता

**लखनऊ।** कई लोगों के विपरीत यश ठाकुर को अपेक्षाओं का बोझ पसंद है। इसलिए मयंक यादव के चोटिल होने के बाद लखनऊ सुपर जाइट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने जब उनमें मैच विजेता देखा तो इस युवा तेज गेंदबाज को इससे आत्मविश्वास मिला और उन्होंने आईपीएल में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। विदर्भ के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज यश पर उस समय सभी का ध्यान केंद्रित हो गया था जब तेज गेंदबाज मयंक की मांसपेशियों में रविवार रात यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान खिंचाव आ गया।

## जडेजा-देशपांडे ने झटके 3-3 विकेट

# चेन्नई ने कोलकाता को 7 विकेट से दी पटखनी

चेन्नई सुपरकिंग्स ने 7 विकेट से कोलकाता नाइड राइडर्स को हरा दिया है। चेन्नई सुपरकिंग्स की यह तीसरी जीत है। चेन्नई ने तीनों मैच अपने होमग्राउंड पर जीते हैं। केकआर ने की यह इस सीजन की पहली हार है। उसने इस सीजन में लगातार 3 मैचों में जीत हासिल की थी।


एजेंसी ▸▸| इंदौर

सोमवार को चेपॉक स्टेडियम ने टॉस जीतकर पहले कोलकाता को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। कोलकाता 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। सीएसके की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुए रवींद्र जडेजा व तुषार देशपांडे ने कोलकाता के तीन-तीन बल्लेबाज पवेलियन भेज दिए। चेन्नई 3 विकेट खोकर 17.4 ओवर में ही 138 परन बनाए। चेन्नई की तरफ से ऋतुराज गायकवाड ने कप्तानी पारी खेलकर फिफ्टी लगाई।

केकेआर के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए फ्लॉप सीएसके ने बल्लेबाजी करते हुए पहले 10 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर धुआंधार पारी खेलते हुए 81 रन बना लिए थे। इसके बाद उनके लिए जीत काफी आसान हो गई थी। उनको आखिरी के 10 ओवर में केवल 57 रन ही बनाने थे। 13वें ओवर में मिशेल के आउट होने के बाद शिवम दुबे बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने तुफानी पारी खेलते हुए 18 गेंदों में ही 28 रन बना दिए। उन्होंने अपनी छोटी पारी 1 चौका व तीन छक्के जड़े। केकेआर की तरफ से मिचेल स्टार्क फिर से फ्लॉप साबित हुए। सुनील नरेन व वैभव अरोड़ा ने गेंदबाजी में केकेआर की तरफ से थोड़ा दमखम दिखाया।



### पंजाब और सनराइजर्स के बीच आज होगा रोमांचक मुकाबला



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की।

खास खबर

## नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया




**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था।

### अमर और पुरुष टीम को एशिया ओशियाना 24 घंटे की अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** अमर सिंह देवांडा ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और पुरुष टीम ने भी लगातार दूसरी बार आईएयू 24 घंटे की एशिया ओशियाना अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। चैंपियनशिप का आयोजन आस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुआ था। देवांडा ने 272.537 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पिछली बार बेंगलुरु में भी स्वर्ण पदक जीता था। देवांडा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15 किलोमीटर से तोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अनुसार भारत के उल्लास नारायणा तीसरे और सौरव रंजन चौथे स्थान पर रहे।

## "छत्रपति शिवाजी महाराज" की कथा 'पतंजलि गुरुकुलम' में

**हरिद्वार।** 08 अप्रैल 2024। शक्ति व मर्यादा साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में वेदधर्म व ऋषिधर्म के संवाहक परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के 30वें संन्यास दिवस के पावन अवसर पर 'पतंजलि गुरुकुलम' के नवीन परिसर के लोकार्पण के दिव्य अनुष्ठान पर परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरि जी महाराज के श्रीमुख से हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा "छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" योगभवन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आयोजित की जा रही है।
इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी जी महाराज व परम पूज्य आचार्यश्री के साथ-साथ राष्ट्र के शीर्ष संतों का



आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा का शुभारम्भ कल दिनांक 9 अप्रैल, 2024 को प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक योगभवन ऑडिटोरियम, पतंजलि योगपीठ फेस-2, हरिद्वार में किया जायेगा। 10 से लेकर 17 अप्रैल तक कथा निरंतर सायं 4 से 7 बजे तक योगभवन में ही आयोजित की जायेगी।

cmpdi
A Miniratna Company
Coal India
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँक रोड राँची - 834031, झारखंण्ड, भारत
सूचना
"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

### कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे कर रहे दरकिनार

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### आज से शुरू होगा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# सिंधू और साथियों की पदक की राह मुश्किल

एजेंसी ▸▸| निंगबो

पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।
यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा




टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा। सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी।

### सेन के सामने युकी की कड़ी चुनौती

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करना है। लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है। सात्विक-चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे।

## शब्द पहेली - 5476



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित बेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

### शब्द पहेली- 5475 का हल



## सूडोकु नवताल - 5487

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5486 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |


MARUTI SUZUKI ARENA
गर्मियां
कूल ऑफ़र्स की!
ALTO K10
S-PRESSO
WAGONR
CELERIO
महा बचत
ALTO K10 ₹53 100*
WAGONR ₹58 100**
S-PRESSO ₹53 100*
CELERIO ₹53 100*
EMI STARTING FROM ₹1582 –PER LAKH–
100% ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10 S-PRESSO WAGONR CELERIO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
बिलासपुरः पुराना बस स्टैण्ड,70898 88881. मुंगेलीः 95222 00991. कोरबाः 70898 88882.
जांजगीरः 95222 00990. कटघोराः 76939 41111. सक्तिः 95222 00997
रायगढ़ः 70898–88883. सारंगढ़ः 95222 00993. खरसियाः 95222 00994.
शिवरीनारायणः 7692031111.
एम स्क्वायर मोटर्स
बिलासपुरः ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा
62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्राः 6262622509.
अकलतराः 6262622512. घरघोड़ाः 62690 02112/62626 22511.
महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.
अम्बिकापुरः 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़ः 9516609622.
बैकुंठपुरः 9516609608. पत्थलगांवः 9516609616. सूरजपुरः 9516609607.
*Terms & Conditions apply. Offers applicable on selected models. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only.

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि सहेली
मंगलवार
9 अप्रैल 2024





चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

# मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

## मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

## नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।


## मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं।

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

**मां के** रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

# आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।



**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकेन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने प्रियजनों का रखें ध्यान:** कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे।

### वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर

आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।




परवरिश / सरस्वती रमेश

# बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन

नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-

**भेदभाव न करें:** हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें। ताकि वे आस-पास फटकने वाले खतरों से निपटने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनें।



### लोगों को परखना सिखाएं

जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। जिस तरह मां दुर्गा ने बुराई का अंत करने के लिए त्रिशूल उठाया, इसी तरह हमें अपनी बेटियों को भी आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख देनी होगी।

**शिक्षा से सशक्तिकरण:** एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं।

जब हम इन बातों को ध्यान में रखकर अपनी बेटियों की परवरिश करेंगे, तभी सार्थक होगा शक्ति का पूजन और कन्या पूजन।




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

08- APR- COR- MAIN- Pg- 9 SAHELI_Layout 1 4/8/2024 9:04 PM Page 1



प्रेरक व्यक्तित्व / शैलेंद्र सिंह



उस दौर में जब कोई महिला मुश्किल से ग्रेजुएट हुआ करती थी, सुधा मूर्ति ने इंजीनियरिंग की शिक्षा ली। शुरू से ही संघर्षशील रहीं सुधा ने अनेक क्षेत्रों में नए मुकाम हासिल किए। सफलता सशक्तिकरण की कई मिसालें गढ़ीं और अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों, उपाधियों से सम्मानित की जा चुकी हैं। उनके प्रेरक व्यक्तित्व और अब तक की उपलब्धियों पर एक दृष्टि।

# नारी सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति सुधा मूर्ति

हाल में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के सदस्य के रूप में नॉमिनेट किया तो इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'उनकी उपस्थिति नारी शक्ति का प्रतीक है।' भारत की पहली हैवी इंजीनियरिंग क्षेत्र की महिला इंजीनियर, इंफोसिस जैसी विश्व प्रसिद्ध आईटी कंपनी की फाउंडर टीम की मेंबर, कन्नड़, मराठी, अंग्रेजी भाषाओं की मशहूर लेखिका और भारतीय विज्ञान संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान में गोल्ड मेडल के साथ एमई करने वाली सुधा मूर्ति के बारे में पीएम की यह टिप्पणी बिल्कुल सटीक लगती है।

**बहुआयामी व्यक्तित्व :** सुधा मूर्ति आज की तारीख में एक ऐसा व्यक्तित्व, ऐसा नाम हैं, जिनका परिचय इतना विस्तृत है कि उसे किसी एक दायरे में समेटना बहुत कठिन है। वह महिला सशक्तिकरण की हिमायती हैं। वह गरीबों के प्रति बेहद हमदर्दी का भाव रखती हैं, वह सादा जीवन, उच्च विचार की ब्रांड एंबेसडर हैं। वह मशहूर लेखिका होने के साथ-साथ महिलाओं की अनगिनत समस्याओं के लिए कलम से इतर जमीनी स्तर पर भी संघर्ष करने वाली योद्धा हैं। इन सबके साथ उनका एक परिचय यह भी है कि वह दुनिया के मशहूर आईटी प्रोफेशनल और इंफोसिस कंपनी के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं।

**नए दायित्व के लिए तत्पर:** राज्यसभा में नॉमिनेट होने के बाद सुधा मूर्ति ने कहा, 'मैं खुश हूं, लेकिन अब मुझे लग रहा है कि मुझ पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पीएम मोदी ने पहले भी मेरे काम की तारीफ की है, मैं उन्हें धन्यवाद कहना चाहती हूं। मुझे खुशी है कि मुझे गरीबों की मदद के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म राज्यसभा का सदस्य होना मिला है। हालांकि मैं अपने आपको पॉलिटिशियन नहीं मानती। मैं नॉमिनेटेड राज्यसभा मेंबर हूं।'

**शुरू से रहीं प्रतिभावान-संघर्षशील:** 19 अगस्त 1950 को कर्नाटक के हावेरी में एक ब्राह्मण परिवार में पैदा हुईं सुधा मूर्ति के पिता डॉ.आर.एच. कुलकर्णी मेडिकल सर्जन थे, जबकि मां विमला कुलकर्णी स्कूल टीचर थीं। उनकी परवरिश में मम्मी-पापा के साथ-साथ नाना-नानी का भी योगदान रहा। उनके दो बच्चे हैं, लड़की अक्षता मूर्ति जो कि ब्रिटेन के मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं और उनके बेटे रोहन मूर्ति, अमेरिका बेस्ड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फर्म सोरोको के फाउंडर हैं। सुधा मूर्ति ने कर्नाटक के बीवीबी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर कोर्स किया। इसके बाद उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स की डिग्री ली। इस डिग्री को उन्होंने गोल्ड मेडल के साथ हासिल किया था। जब उन्होंने 1974 में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की तो अपने डिपार्टमेंट में अकेली फीमेल स्टूडेंट थीं और इंस्टीट्यूट में उनके लिए यानी महिलाओं के लिए कोई अलग से वॉशरूम तक नहीं था, इसके लिए भी उन्होंने जबरदस्त संघर्ष किया और अपने इंस्टीट्यूट में लड़कियों के लिए अलग से वॉशरूम बनवाया। टेल्को जैसी हैवी इंजीनियरिंग क्षेत्र की कंपनी में काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर सुधा के आवेदन को शुरू में कंपनी ने रिजेक्ट कर दिया था। इस पर उन्होंने टाटा ग्रुप के चेयरमैन को एक ऐसा पत्र लिखा कि टाटा ग्रुप न सिर्फ अपनी पॉलिसी बदलने के लिए मजबूर हुआ बल्कि उन्हें नारी सशक्तिकरण की पायनियर माना।



सुधा मूर्ति को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**कई पुरस्कारों से सम्मानित :** सुधा मूर्ति को ओजस्विनी से लेकर बेस्ट टीचर तक के पुरस्कार मिल चुके हैं। उनको बहुत से विश्वविद्यालयों ने, उनके सामाजिक कामों से प्रभावित होकर मानद डॉक्टरेट की उपाधि दी है। उन्हें साल 2006 में पद्मश्री और साल 2023 में देश का तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण मिल चुका है।

**प्रेरक हैं उनके जीवन आदर्श :** सुधा मूर्ति इतनी विनम्र हैं कि आज भी पोंगल के मौके पर जमीन पर बैठकर आम गृहिणियों की तरह पकवान बनाती हैं। उन्हें अपने पैसे या पद का रत्ती भर घमंड नहीं है। वह आध्यात्मिक प्रकृति की हैं। उनकी मान्यताएं और जीवन दर्शन बहुत स्पष्ट और दृढ़ हैं। उनकी एक मान्यता बहुत मजबूत है कि हर दिन प्रकृति हमें कोई न कोई सरप्राइज देती है, कभी यह अच्छा होता है, कभी हमें वो अच्छा नहीं लगता। उनका यह भी मानना है कि प्रकृति ने हमें एक तयशुदा गति दी है, जो हमारे अनुकूल है। इससे तेज हमें नहीं भागना चाहिए। वह जिंदगी को डिजिटल वर्ल्ड नहीं बल्कि एनालॉग वर्ल्ड मानती हैं। सुधा मूर्ति बेहद हार्ड वर्किंग हैं, इसलिए जब पिछले दिनों उनके पति नारायण मूर्ति ने भारत को विकसित भारत में तब्दील करने के लिए युवाओं को हर सप्ताह 80 से 90 घंटे काम करने का आह्वान किया और लोगों ने उनकी आलोचना की, तो ये सुधा मूर्ति ही थीं, जो पूरे जज्बे के साथ अपने पति के साथ खड़ी रहीं। कह सकते हैं कि सुधा मूर्ति के जीवन आदर्श हर स्त्री के लिए बेहद प्रेरक हैं।

## सुधा मूर्ति की प्रसिद्ध किताबें

30 से ज्यादा किताबें लिखने वाली सुधा मूर्ति की सभी किताबें मशहूर हैं और उन्हें कन्नड़ भाषा का लेडी प्रेमचंद भी कहा जाता है। लेकिन उनकी कुछ किताबें पूरी दुनिया में मशहूर हैं जैसे-'द मदर आई नेवर न्यू', 'थ्री थाउजेंड स्टिचेस', 'द मैन फ्रॉम द एग', 'मैजिक ऑफ द लास्ट टेंपल', 'पितृऋण', 'पुण्यभूमि भारत', 'महाश्वेता', 'परिधि', 'डॉलर बहू', 'गोष्ठी माणसांच्ता' और 'जेंटली फॉल्स द बकुला' मशहूर किताबें हैं, जिनका दुनिया की कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है।

स्वयंसिद्धा / अनीता, सोशल एक्टिविस्ट

# हर मुश्किल को पार कर बढ़ रही हैं मनचाही राह पर

जीवन की उथल-पुथल और अप्रत्याशित मुश्किलों को पार करते हुए खुद को संभालना ही कठिन होता है। इस पर भी अगर सामाजिक दायित्व निभाने का जुनून मन में बना रहे तो निश्चित ही ऐसा शख्स प्रेरक बन जाता है। स्पेशल बच्चों के शिक्षण में जुटी अनीता ऐसी ही प्रतिबद्ध महिला हैं।

प्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार की बहुत मशहूर पंक्तियां हैं-*कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो!* इन पंक्तियों को चरितार्थ करतीं अनीता दिल्ली में रहते हुए विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए एक आस और उमंग की रोशनी बन गई हैं। हरियाणा के रोहतक में पली-बढ़ी अनीता आजकल दिल्ली के नांगलोई में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए एक लर्निंग सेंटर चला रही हैं।

**आसान नहीं रहा सफर:** अपने इस प्रयास की शुरुआत के बारे में अनीता बताती हैं, 'ऑटिस्टिक बच्चे, देर से समझने वाले बच्चे या वे बच्चे जिन्हें बोलने में दिक्कत होती है, इन सभी के लिए एक लर्निंग सेंटर खोलना इतना आसान नहीं था, यहां तक की यात्रा कांटों से भरी रही है।' हालांकि उनके जीवन के शुरुआती 24 साल खुशियों से भरे रहे। संयुक्त परिवार में वह बहुत लाड़ से पलीं। एकदम बेबाक! टॉम बॉय की तरह। लेकिन शादी के बाद जैसे अनीता की जिंदगी में सब तहस-नहस हो गया। बचे हुए सपने पोस्पार्टम डिप्रेशन ने तोड़ दिए।

**मुसीबतों का किया सामना:** एक लड़की जो पढ़ने-लिखने में होशियार, पहली बार में ही परीक्षा पास करके सरकारी स्कूल में संविदा टीचर हो गई। पांच साल काम भी किया। लेकिन अनीता की शादी लंबे वक्त तक नहीं चली और उस टूटन ने उनको संताप से भर दिया। चारदीवारी में रहकर या तो घुटकर मर जाती या जली हुई राख उड़ कर फिर से आसमां में महकती, दोनों ही विकल्प अनीता के पास थे। पर अनीता ने घुटती हुई दम को संभालना चुना। आंसू पोछे और अपने पास के इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में इंटरव्यू देने चली गई। जॉब मिल भी गई, पर कोविड काल में वो भी नौकरी चली गई। अनीता ने फिर भी हार नहीं मानी और अपने हाथों से कुंडल, हार, मांग-टीका यानी ज्वेलरी डिजाइनिंग शुरू किया और सोशल मीडिया की मदद से उसका प्रचार किया। उनके पास कमाई का एक जरिया बन गया। इस बीच अनीता ने विभिन्न मंचों के लिए कविता, कहानी लिखना शुरू किया और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी बन गईं।

**स्पेशल बच्चों के लिए शुरू की पहल:** अनीता बताती हैं, 'जिंदगी धीरे-धीरे पटरी पर आ रही थी लेकिन स्पेशल नीड वाले बच्चों को पढ़ाने का मेरी इच्छा मन में बरकरार थी। जैसे ही मेरे पास थोड़ी बचत हुई मैंने तुरंत उन बच्चों के लिए एक लर्निंग सेंटर शुरू कर दिया।' अनीता एमसीडी स्कूल में अपने शिक्षण के दिनों को याद करते हुए कहती हैं, 'वहां एक लड़की पढ़ने आती थी, जो बाकी बच्चों की तुलना में थोड़ी देर में बातों को समझ पाती थी। मैंने उस बच्ची को कक्षा के सबसे होशियार बच्चे के साथ अपनी बेंच के साथ बैठाना शुरू किया और एक साल के भीतर ही उसका रिजल्ट सुधरने लगा। उस बच्ची की मोहक मुस्कान और उसके माता-पिता के आभार ने जैसे मेरा पूरा जीवन इन बच्चों के लिए दृढ़ संकल्पित करने के लिए प्रेरित कर दिया।'




स्पेशल नीड वाले बच्चों के साथ अनीता

**शिक्षण के सफर पर अग्रसर:** अनीता स्पेशल बच्चों को पढ़ाने के साथ ही उनके माता-पिता को समझाती भी हैं कि उनके बच्चे में कोई बुराई नहीं है। वे कहती हैं, 'अपने बच्चों की खूबियों को पहचानिए, उनका तिरस्कार मत करिए।' अनीता इस बात को लेकर चिंतित भी हैं कि आजकल 'स्पेशल नीड' बच्चों की जरूरतों को कुछ लोगों ने धंधा बना लिया है।

**प्रस्तुति: मीना प्रजापति**

सलाह सहेली की / अवंती श्रीवास्तव

# सुपर वुमेन होने का सच!



सुबह के दस बजे थे। डोर बेल बजी तो सुरेखा ने दरवाजा खोला। सामने छोटी बहन अनु खड़ी थी। सुरेखा ने उसे खुशी से गले लगा लिया, 'अरे वाह.. अनु तुम!'

'हां दीदी, ऑफिस के काम से यहां आई तो सोचा तुम्हें सरप्राइज दूं।' तभी निखिल भी यह कहते हुए निकल कर आए, 'कौन है?'

'तुम्हारी साली..!' सुरेखा खुशी से बोली। 'बढ़िया सरप्राइज दिया है अनु ने हमें।' निखिल हंसते हुए बोले।

सुरेखा और अनु में लगभग छह साल का अंतर है। सुरेखा जबलपुर में रहती है, अनु शादी के बाद दिल्ली में बस गई है। दोनों ही अपनी-अपनी गृहस्थी में व्यस्त रहती हैं। मिलना-जुलना कम ही हो पाता है। बस फोन पर बात हो जाया करती है।

सुरेखा एक गृहिणी है, अनु वर्किंग वुमेन है, बैंक में कार्यरत है।

कुछ देर बाद निखिल ऑफिस जाने को हुए तो सुरेखा ने उन्हें बैंक चेक पकड़ा दिया, बोली, 'सुनिए, यह चेक मेरे अकाउंट में जमा कर दीजिएगा। ...और हां, अनु आई है तो उसे कुछ स्पेशल बनाकर खिलाऊंगी। आपको दोपहर तक सामान की लिस्ट व्हाट्सएप कर दूंगी, शाम को ऑफिस से लौटते समय वो सामान लेते आइएगा।' 'ओके जो हुकुम...! देख लो तुम्हारी दीदी बाहर के कोई काम नहीं करतीं, सब मुझसे ही कराती हैं।' निखिल ने कुछ शिकायती अंदाज में अनु से कहा। 'हां! भई मैं इन सब कामों में थोड़ी कच्ची हूं। मुझसे नहीं होते ये बाहर के काम।' सुरेखा ने साफ-साफ बोल दिया। 'ठीक है, मैं चलता हूं, तुम दोनों बहनें आराम से आपस में बात करो।' निखिल यह कहकर घर से बाहर निकल गए।

निखिल के जाते ही अनु ने सुरेखा को टोका,'क्या दीदी! आप कैसी हो गई हैं? आप तो पढ़ी-लिखी हैं फिर भी बाहर के काम से बचती हैं?' यह कहकर अनु एक पल चुप रहकर गर्व से बोली, 'मुझे देखिए! मैं नौकरी भी करती हूं, घर भी संभालती हूं। बच्चों को भी पढ़ाती हूं और बाहर के भी सारे काम करती हूं। चाहे सामान लाना हो या बिजली का बिल जमा करना हो। सब बखूबी संभाल लेती हूं... बिल्कुल सुपर वुमेन की तरह!'

'अनु सुपर वुमेन का दंभ एक छलावा है।' सुरेखा तुरंत बोली। वह गंभीर स्वर में आगे बोली, 'सुपर वुमेन.. मतलब जिम्मेदारियों का जाल, जिसमें उलझ कर हम स्त्रियां अपना सुकून, इत्मीनान खो देती हैं। खुद के लिए वक्त होम कर देती हैं। हाथ आता है तो बस सुपर वुमेन का तमगा।' सुरेखा ने एक लंबी सांस खींची और आगे भी बोलती गई, 'यह कुछ बिल्कुल वैसे ही है, जैसे स्त्रियों को देवी बना दिया जाता है, उनके कंधों पर त्याग, बलिदान, संस्कार, नैतिकता का बोझ डाल दिया जाता है। ऐसे में स्त्रियां अपने लिए जी ही नहीं पातीं। अपने शौक, खुद खुश होने का हक, सुपर वुमेन के तमगे के पीछे कहीं खो जाता है। इसलिए मैं सुपर वुमेन नहीं सिर्फ वुमेन बनना चाहती हूं। मुझे अपने आपको दूसरों के सामने कुछ साबित नहीं करना है। बस सहज रहना चाहती हूं। शांत जिंदगी जीना चाहती हूं।'

अनु को महसूस हुआ, सुरेखा दीदी सच कह रही हैं। उसके घर में भी तो उसकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आता, उल्टा यही कहा जाता है कि तुम तो सब कर लेती हो, सुपर वुमेन हो। वह भी कितना तरसती है खुद अपने लिए वक्त निकालने के लिए। अनु ने मन ही मन ठान लिया, अब वह अकेले सारी जिम्मेदारियों को नहीं ढोएगी, घर के सदस्यों में जिम्मेदारियां बांटेगी। अपने लिए वक्त निकालेगी, वो खुशी और सुकून हासिल करेगी, जो उसके जीने के लिए जरूरी है।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

# व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन

आशु गुप्ता, डाइटीशियन

नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



### डेयरी प्रोडक्ट्स

नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।



### खूब पानी पिएं

मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

### ड्राय फ्रूट्स



आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

### फ्रूट्स-वेजिटेबल्स

अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं।

**प्रस्तुति:निधि गोयल**

रेसिपी

ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

# नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार



## साबूदाना पोटेटो पकोड़े

**सामग्री:** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधि:** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें।

## सिंघाड़ा थेपला



**सामग्री:** सिंघाड़े का आटा-1 कप, आलू-1 मध्यम आकार का, भुनी मूंगफली के दाने-चौथाई कप, बारीक कटी हरी मिर्च-2, बारीक कटा अदरक-1 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया- 2 बड़े चम्मच, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, काली मिर्च पावडर-आधा छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-2 बड़े चम्मच

**विधि:** आलू को छीलकर ग्रेट करके एक बाउल में डालें। इसमें सिंघाड़े का आटा, मूंगफली के दाने, कटा हरा धनिया, कटी हरी मिर्च, कटा अदरक, नीबू का रस, काली मिर्च पावडर और सेंधा नमक मिला लें। आवश्यक्तानुसार पानी मिलाकर सॉफ्ट डो बना लें। इस मिश्रण की लोइयां बना लें। एक को चिकनाई लगे बटर पेपर पर रखें और हाथ से दबा-दबा कर थेपला बना लें। तवे पर घी लगाकर थेपले को घी लगाते हुए सुनहरा होने तक सेंक लें। इन्हे व्रत वाली चटनी के साथ सर्व करें।

## राजगिरा स्वीटी



**सामग्री:** राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

**विधि:** सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें।




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

08- APR- COR- MAIN- Pg- 11 FULL PAGE_Layout 1 4/8/2024 9:24 PM Page 1





पारेश्वराय नमः











# पशुपति महायज्ञ



## अवघड़ 26.02.1964 – रोचक कथा

## श्रद्धा सुमन सुगंध

**धीरे-धीरे बोल कोई सुन ना ले...**
**बातों के बदले आंखों से लो काम...**

घर में आगी लगे हे,
दुसर घर आगी
लगाथस...

**चैत्र नवरात्रि 09.04.2024 से 17.04.2024 शुभारंभ व तैयारी**

यज्ञाहुति समय – प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

कलयुग का
साबर मंत्र

खर्चा ल देख के डर्राथे
अऊ खर्चा ल देख के भागथे।
उदाहरण- नमक


संत श्री माता जी
संस्थापक
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)

तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥

क्रमशः

# मृत मवेशी को डिस्ट्राय करने 2 स्थानों पर क्रिमेटोरियम, चुनाव के बाद निगम करेगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने चुना नये तरह का प्रोजेक्ट
- निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग से मिली 1 करोड़ की राशि

राजधानी में रोड एक्सीडेंट सहित अन्य कारणों से मृत मवेशी को डिस्ट्राय करने नगर निगम क्रिमेटोरियम की व्यवस्था करेगा। इसके लिए लोकसभा चुनाव के बाद टेंडर होगा। केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड ने इस नये तरह के प्रोजेक्ट को शहर के लिये चुना है। वायु प्रदूषण कम करने तय गाइडलाइन के हिसाब से निगम की योजना शाखा नई मशीन खरीदने डीपीआर तैयार कर रही है। पंद्रहवें वित्त आयोग से इस मद से रायपुर नगर निगम को 1 करोड़ की राशि मिली है।

महाराष्ट्र, लखनऊ, गोरखपुर की तर्ज पर पहली बार छत्तीसगढ़ की राजधानी में मृत मवेशियों को सुरक्षित तरीके से निष्पादन करने राजधानी में क्रिमेटोरियम की व्यवस्था की जायेगी। शुरुआत में शहर के 2 अलग-अलग स्थानों पर बिजली से चलने वाली आधुनिक मशीन का उपयोग होगा, ताकि शहर के अलग-अलग इलाकों में रोड एक्सीडेंट के दौरान मृत मवेशियों की डेड बाडी को क्रिमेटोरियम से निष्पादित किया जा सके। केन्द्रीय प्रदूषण मंडल की गाइडलाइन के हिसाब से नगर निगम नई मशीन के जरिये बायोमॉस बर्निंग को नियंत्रित करेगा।

### आचार संहिता के बाद टेंडर

नगर निगम के योजना शाखा द्वारा मृत मवेशियों को डिस्ट्राय करने 1 करोड़ की लागत से 2 क्रिमेटोरियम मशीन खरीदी जायेगी। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद नगर निगम इसके लिए टेंडर करेगा। मशीन के देखरेख व संचालन के लिए एजेंसी तय की जायेगी। जो कि नगर निगम के 10 जोनों से समन्वय कर संबंधित क्षेत्र में मृत मवेशियों के संबंध में एजेंसी को सूचना देगी, ताकि समय रहते सुरक्षित रूप से इसका निष्पादन मशीन के माध्यम से किया जा सके। और मवेशी का शव सड़ने और दुर्गंध फैलने की स्थिति न आये।

**स्पॉट तय करने जल्द होगा आकलन**

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी क्रिमेटोरियम के लिये शहर में ऐसी जगह का आकलन करने निकलेंगे, जहां पर रोड एक्सीडेंट की ज्यादा संभावना रहती है। मवेशियों के दुर्घटनाजन्य स्थल की पड़ताल कर 2 स्थानों का चयन मशीन लगाने के लिये किया जायेगा।

### एयरपोर्ट पर चार नया पार्किंग बेस तैयार, चुनाव के दौरान अब एक साथ खड़े हो सकेंगे 13 एयरक्राफ्ट

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में चार नया एयरक्राफ्ट पार्किंग बेस बनकर तैयार हो गया है। इसका उपयोग लोकसभा चुनाव के दौरान किया जा सकेगा और विमानतल में एक साथ 13 विमान खड़े हो सकेंगे। चार नए पार्किंग बेस का निर्माण लगभग 10 करोड़ की लागत से किया गया है। यहां अभी एक साथ नौ विमान पार्क किए जा सकते हैं, जिसे जरूरतों के हिसाब से कम समझा जा रहा था।

## रंजना साहू बोलीं- राहुल को पीएम बनाने मुंगेरी लाल की तरह सपने देख रही कांग्रेस




**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने कहा, कांग्रेस राहुल गांधी को पीएम बनाने मुंगेरीलाल की तरह सपने देख रही है। हाल ही में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस नेताओं का मानसिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। आज कांग्रेसी आसन्न लोकसभा चुनाव में प्रत्यक्ष हार को देखकर उलजुलूल हरकतें और बयानबाजी कर अपनी स्थिति को हास्यास्पद बना रहे हैं। चुनावी सभाओं में उनके बोल बिगड़ रहे हैं। उनके सपने में मोदी जी आ रहे हैं और वे भी मान रहे हैं आएगा तो मोदी ही।

### रजिस्ट्री शुल्क से भरेगा सरकार का खजाना, राजस्व का नया लक्ष्य हो सकता है 30 से 40 प्रतिशत ज्यादा

**रायपुर।** राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व का एक बड़ा जरिया पंजीयन कार्यालयों में मकान, जमीन आदि की रजिस्ट्री से मिलने वाला शुल्क होता है। छत्तीसगढ़ में पिछले वित्तीय वर्ष में इस मद से राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य करीब ढाई हजार करोड़ रुपए प्राप्त किया गया था। अब अप्रैल से शुरू हुए नए वित्तीय वर्ष में सरकार को पंजीयन से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होना तय है। दूसरी ओर यह संभावना भी बताई जा रही है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य 30 से 40 प्रतिशत कर बढ़ाया जा सकता है। राज्य में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए की जाने वाली रजिस्ट्री नए वित्तीय वर्ष से मंहगी हुई है।





















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com